राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर !

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 226
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 11 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 यूपीएसआईडीए द्वारा भूखंड परिवर्तन हेतु पारदर्शी ड्रॉ का आयोजन
पेज 4 3 बच्चों को मारने वाली मां को फांसी की सजा
पेज 6 लॉर्ड्स टेस्ट की शुरुआत में सचिन तेंदुलकर ने पांच मिनट

# बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रहेगा

## चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के रिवीजन जारी रखने की अनुमति दी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए। बेंच के मुताबिक, 10 विपक्षी दलों के नेताओं समेत किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर चुनाव आयोग से 21 जुलाई तक जवाब मांगा। अगली सुनवाई 28 जुलाई के लिए तय की। विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन पर अदालत में करीब 3 घंटे सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि वोटर लिस्ट रिवीजन नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है। वोटर की नागरिकता जांची जा रही है। ये कानून के खिलाफ है। एसआईआर के खिलाफ राजद सांसद मनोज झा, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा समेत 11 लोगों ने याचिकाएं दाखिल की हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम आपकी नीयत पर संदेह नहीं कर रहे

सुप्रीम कोर्ट ने आयोग की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी से कहा, हम आपकी नीयत पर संदेह नहीं कर रहे, लेकिन धारणा भी मायने रखती है। हम आपको रोकना नहीं चाहते, क्योंकि यह संवैधानिक दायित्व है। द्विवेदी ने बताया कि अब तक 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी जानकारी सत्यापित कर ली है। अदालत को आश्वस्त किया कि किसी भी मतदाता का नाम सुनवाई किए बिना मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे

**टेक्सास।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। एक्सियम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। एक्सियम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था। हालांकि यह मिशन 14 दिनों का था। अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी। इससे पहले 6 जुलाई को शुभांशु के आईएसएस स्टेशन से कुछ तस्वीरें सामने आई थीं।

### सिद्धारमैया बोले- कर्नाटक में मुख्यमंत्री की कोई वैकेंसी नहीं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक बार फिर राज्य में सीएम बदले जाने की चर्चाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि स्टेट में इस पोस्ट के लिए कोई वैकेंसी नहीं है, क्योंकि वे अभी भी कुर्सी पर बैठे हैं। सिद्धारमैया ने दावा किया है कि वे मुख्यमंत्री के रूप में 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी सिद्धारमैया को पद से हटाए जाने की अटकलों को खारिज कर दिया है। पिछले कुछ समय से कर्नाटक में विधायकों के एक दल ने डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने कहा था।

### हादसा



गुरुग्राम में भारी बारिश के दौरान द्वारका एक्सप्रेसवे के पास दक्षिणी पेरिफेरल रोड पर सड़क धंसने से शराब से भरा एक ट्रक पलट गया।

## कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

**सर्रे।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर बुधवार रात फायरिंग हुई। कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले, 7 जुलाई को कैप्स कैफे नाम के इस कैफे का उद्घाटन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की। न्यूज की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हरजीत सिंह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की लिस्ट में मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है। हमलावर ने फायरिंग का वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें कैफे के बाहर एक कार में बैठा व्यक्ति गाड़ी के अंदर से लगातार फायरिंग करते दिख रहा है।

## गुजरात महिसागर पुल हादसा- नदी से 18 शव मिले

### 2 अब भी लापता, विभाग के 4 इंजीनियर सस्पेंड; गुरुवार को पुल टूटने से 5 गाड़ियां गिरी थीं



**अहमदाबाद।** गुजरात में वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाला पुल टूटने के बाद महिसागर नदी से 18 शव निकाले जा चुके हैं।
एनडीआरएफ को गुरुवार सुबह 2 और दोपहर में एक और शाम को एक शव मिला, जबकि 13 बॉडी बुधवार को ही बरामद हो चुकी थीं।
हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। अभी भी 2 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश जारी है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पुल ढहने के सिलसिले में राज्य के सड़क एवं भवन विभाग के चार इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है।
महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया था। चलते ट्रैफिक के बीच पुल टूट जाने से दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा नदी में गिर गए थे। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया था।
45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। इसके टूटने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड से सौराष्ट्र पहुंचना मुश्किल हो गया है। अब इसके लिए अहमदाबाद होकर जाना होगा।

### 2015 में पुल की बेयरिंग बदलनी पड़ी थी

गंभीरा पुल का निर्माण 1981-82 में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने किया था। जानकारी के मुताबिक 2015 में भी गंभीरा पुल जर्जर पाया गया था। उस समय सरकार ने इसका निरीक्षण करवाया था और बेयरिंग बदलनी पड़ी थी। यह स्थिति इसलिए बनी थी, क्योंकि पुल के निर्माण में अच्छी सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया गया था।

## पीरियड्स की जांच के लिए कपड़े उतरवाए



### महाराष्ट्र के स्कूल में 5वीं से 10वीं तक की बच्चियों के साथ हरकत, प्रिंसिपल हिरासत में

महाराष्ट्र के ठाणे के एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 5 से 10 तक की बच्चियों के कपड़े उतरवाकर चेकिंग की गई।
बच्चियों ने अपने पेरेंट्स को बताया कि स्कूल के टॉयलेट में खून के धब्बे मिले थे। जिसके बाद सभी लड़कियों को कन्वेंशन हॉल में बुलाया गया और प्रोजेक्टर पर इसकी तस्वीरें दिखाई गईं।
इसके बाद लड़कियों से पूछा गया कि किस-किस को अभी पीरियड्स हो रहे हैं। जिन लड़कियों ने हां में जवाब दिया, उनकी उंगलियों के निशान लिए गए।
जिन लड़कियों ने न में जवाब दिया, उन्हें बारी-बारी से टॉयलेट में ले जाकर एक एक के कपड़े उतरवाकर प्राइवेट पार्ट्स की जांच की गई। पेरेंट्स की शिकायत के बाद पुलिस ने प्रिंसिपल को हिरासत में ले लिया है।

### पेरेंट्स ने स्कूल में हंगामा किया

जब बच्चियों ने ये बात घर जाकर पेरेंट्स को बताई तो पेरेंट्स स्कूल के बाहर जमा हो गए और हंगामा किया। वे प्रिंसिपल की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल को हिरासत में ले लिया है और शहापुर पुलिस स्टेशन ले गई है। स्कूल की तरफ से वकील अभय पितळे स्कूल पहुंचे थे, लेकिन अभिभावकों ने उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया। अभिभावकों ने वकील को घेर लिया और उनकी पिटाई करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वे बच गए।
पुलिस ने प्रिंसिपल को हिरासत में लेकर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### इंस्टाग्राम में बिना परमिशन वीडियो अपलोड करने वाला यूजर गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक शख्स बिना परमिशन के सड़कों पर चुपचाप महिलाओं की वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड करता था। अब इस मामले में कार्रवाई हुई है और अकाउंट चलाने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम गुरदीप सिंह है, जिसकी उम्र 26 साल है और वह चक्र पुरम इलाके में रहता है। गुरदीप इंडिया वॉक 1 केएम नाम का इंस्टाग्राम चलाता था।

## गुरुग्राम में गड्ढे में डूबने से 3 युवकों की मौत

### झरने को देखने गए; एक नहाने उतरा, उसे बचाने के चक्कर में 2 और डूबे

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में गड्ढे में डूबने से 3 युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक अरावली की पहाड़ियों में झरने को देखने गए थे। इसी दौरान एक युवक नहाने के लिए गड्ढे में उतर गया। इस दौरान वह डूबने लगा तो दोनों युवक उसे बचाने लगे, लेकिन पैर फिसलने से वे भी गड्ढे में गिर गए। तीनों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। मृतकों की पहचान सुरजीत, आशीष और देवेंद्र के रूप में हुई है। युवक उत्तर प्रदेश के इटावा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसा गुरुवार को करीब 1 बजे हुआ। अरावली की पहाड़ियों में माइनिंग की वजह से 50 से 60 फीट गहरा गड्ढा बना हुआ था।

### तीनों किराए के मकान में रहते थे

एसीपी साउथ सुरेंद्र फौगाट ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान पता चला है कि तीनों युवक भोंडसी में किराए पर रहते थे। गुरुवार को दोपहर को पहाड़ी की तरफ झरना देखने गए थे। इसी दौरान एक युवक नहाने के लिए उतर गया।

### बचाने गए दोनों युवक भी गड्ढे में गिरे

नहाते हुए वह गहरे पानी की तरफ चला गया, तो दोनों युवक उसे बचाने लगे, लेकिन पैर फिसलने से वे भी गड्ढे में गिर गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और तीनों को गड्ढे से बाहर निकाला।

## गुरुग्राम में बिल्डर ने की बेटी की हत्या

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में गुरुवार दोपहर बिल्डर बाप ने टेनिस खिलाड़ी बेटी राधिका यादव (25) की पीठ में गोलियां मारकर हत्या कर दी। वारदात के वक्त बाप-बेटी घर में अकेले थे। राधिका किचन में खाना बना रही थी, उसी वक्त बाप ने उसे लाइसेंसी रिवॉल्वर से 3 गोलियां मार दीं।
पड़ोसियों ने फायरिंग की आवाज सुनी तो दौड़कर मौके पर पहुंचे। राधिका की लाश किचन में खून से लथपथ पड़ी थी और बाप भी पास में बैठा था। इसके बाद तुरंत राधिका को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
उधर, सूचना मिलते ही पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया। मौके से लाइसेंसी रिवॉल्वर भी बरामद हुआ है। पुलिस ने चाचा की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है।
पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि राधिका टेनिस एकेडमी चलाती थी, जिससे बढ़िया कमाई हो रही थी। उसके पिता को लोग ताने मारते थे कि बेटी की कमाई खा रहा है। गुरुवार को इसी से परेशान बाप ने उसे टेनिस एकेडमी बंद करने को कहा। मगर, राधिका नहीं मानी और दोनों के बीच बहस हो गई। जिसके बाद बाप ने गुस्से में आकर उसे गोलियां मार दीं।

## अमरनाथ यात्रा- 7वें दिन 16,720 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

### अब तक 1.28 लाख तीर्थयात्री आ चुके; पहलगाम में श्रद्धालुओं ने छड़ी मुबारक की पूजा की


**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा के सातवें दिन 18,633 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। यात्रा के शुरुआती हफ्ते में 1.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। यह 9 अगस्त तक चलेगी।
पहलगाम में श्रद्धालुओं ने छड़ी मुबारक की पूजा की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं की वापसी के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।
यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348, शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री, सोमवार को 23,857 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। अब तक चार लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।



### हैप्पी मॉर्निंग




सुहागरात को दूल्हा अपनी बीवी की गोद में लेटा था... दूल्हा- अगर मैं मर गया तो? दुल्हन- ऐसा मत कहो जानू। दूल्हा- अगर मैं मर गया तो क्या तुम तुरंत शादी करोगी? दुल्हन- नहीं तुरंत नहीं, 2 -3 महीने तो रुकना पड़ेगा नहीं तो लोग क्या कहेंगे? बेचारा दूल्हा अभी भी सदमे में है !!!



### शायरी

मत सहल हमें जानो फिरता है फ़लक बरसों
तब ख़ाक के पर्दे से इंसान निकलते हैं

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,190.28
-345.80 (0.41%)
निफ्टी:
25,355.25
-120.85

### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूयोदय शनिवार : 5 : 31
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 28

### ऑनलाइन सट्टेबाजी

#### ईडी ने दर्ज किया मामला; विजय देवरकोंडा समेत कई नाम शामिल

## ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में कई बड़ी हस्तियों पर कसेगा शिकंजा

हैदराबाद। ईडी ने कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों को कथित रूप से बढ़ावा देने के लिए तेलंगाना में विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज जैसे अभिनेताओं के अलावा इंटरनेट मीडिया इन्फ्लूएंसरों तथा यूट्यूबरों सहित 29 मशहूर हस्तियों के विरुद्ध मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया है।
तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में दर्ज पांच प्राथमिकियों के आधार पर प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएएलए) के तहत इन हस्तियों की भूमिका की जांच शुरू की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि ईडी को संदेह है जंगली रमी, ए टू थ्री, परिमैच और लोटस-365 सहित कुछ प्लेटफॉर्मों के लिए पैसा लेकर प्रचार करने में अवैध धन का लेन-देन हुआ है।



### ईडी ने पीएमएलए के तहत दर्ज किया केस

इन ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर सट्टेबाजी और जुए के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध धनराशि अर्जित करने का आरोप है।
उन्होंने बताया कि ईडी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज करने के लिए पांच प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है। जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है उनमें मंचू लक्ष्मी, राज, निधि अग्रवाल, प्रणिता सुभाष, अनन्या नागल्ला, श्रीमुखी, श्यामला, वार्शिनी सौंदर्यराजन, वसंती कृष्णन, शोबा शेट्टी, अमृता चौधरी, नयनी पावनी, नेहा पठान, पांडु, पद्मावती, हर्षा साई और बय्या सनी यादव जैसे टीवी अभिनेता एवं टीवी होस्ट भी हैं।
इनमें से अधिकतर हस्तियों पर पहले हैदराबाद और साइबराबाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। उनके खिलाफ पंजागुट्टा, मियापुर, साइबराबाद, सूर्यापेट और विशाखापत्तनम थानों में प्राथमिकी दर्ज की गईं। सूत्रों ने बताया कि इन हस्तियों पर सेलिब्रिटी या एंडोर्समेंट फीस लेने के बदले जंगली रम्मी, जीतविन, लोटस365 जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स को एंडोर्स करने का संदेह है।

### हस्तियों के दर्ज किए जाएंगे बयान

सूत्रों ने बताया कि इनमें से कुछ जाने-माने लोगों ने पहले कहा था कि उन्हें उनके द्वारा पेश किए गए ऐप्स और उत्पादों की सही कार्यप्रणाली की जानकारी नहीं थी और उन्होंने दावा किया कि किसी भी गलत काम या सट्टेबाजी जैसी अवैध गतिविधियों के लिए इन प्लेटफॉर्मों से उनका कोई सरोकार नहीं है। बहरहाल, इस बाबत ईडी अगले कुछ दिनों में उनके बयान दर्ज कर सकता है।

## हरियाणा के हिसार में गुरु पूर्णिमा पर प्रिंसिपल की हत्या

### स्कूल में घुसे 2 छात्र, ताबड़तोड़ चाकू मारे; बाल कटवाने के लिए कहने से नाराज थे

**नारनौंद (हिसार)।** हरियाणा के हिसार में गुरु पूर्णिमा के दिन स्कूल के ही 2 छात्रों ने प्रिंसिपल की चाकू मारकर हत्या कर दी। दोनों छात्रों ने स्कूल परिसर में ही प्रिंसिपल पर हमला किया। वारदात के बाद दोनों छात्रा वहां से फरार हो गए।
जिस वक्त हत्या हुई, स्कूल में पेपर चल रहा था। जिससे पूरे स्कूल में अफरातफरी मच गई। प्रिंसिपल को तुरंत निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों आरोपी छात्र स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। जिसमें वह भागते हुए नजर आए। हमला करने वाले छात्र 11वीं और 12वीं में पढ़ते हैं।
कत्ल के बाद उन्होंने एक वीडियो जारी किया। जिसमें कहा कि जगबीर पन्नू (प्रिंसिपल) का काम तमाम कर दिया है, अब बालक की बारी है। 10 लाख का इंतजाम करके रखना।
पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि प्रिंसिपल के बाल काटकर आने और अनुशासन में रहने के लिए कहे जाने से नाराज होकर उन्होंने ये हत्या की।
हांसी के एसपी यशवर्धन ने कहा कि संभव है कि बच्चों ने किसी गैंगस्टर ग्रुप से प्रेरित होकर यह वारदात की हो। घटना की जांच की जा रही है।

## संपादकीय

# किसानों को विवशता की हद से मुक्त कराएं

भारत, एक कृषि प्रधान देश, जहां की अर्थव्यवस्था और संस्कृति का आधार कृषि रहा है। लेकिन, आज भी हमारे किसान कई विवशताओं के बंधन में जकड़े हुए हैं। इन विवशताओं में आर्थिक तंगी, कर्ज का बोझ, अपर्याप्त संसाधन, और प्राकृतिक आपदाओं की अनिश्चितता शामिल हैं। किसानों को इन सीमाओं से मुक्त कराने के लिए हमें सामूहिक और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### आर्थिक विवशता और कर्ज का बोझ

किसानों की सबसे बड़ी समस्या है आर्थिक तंगी। छोटे और सीमांत किसानों के पास पर्याप्त पूंजी नहीं होती, जिसके कारण वे साहूकारों और बैंकों से कर्ज लेने को मजबूर होते हैं। उच्च ब्याज दरें और अनियमित आय के कारण यह कर्ज बोझ बन जाता है। कई बार किसान इस बोझ को सहन न कर पाने के कारण आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठा लेते हैं। सरकार को चाहिए कि वह किसानों के लिए कम ब्याज दरों पर आसान ऋण उपलब्ध कराए और कर्ज माफी की नीतियों को और प्रभावी बनाए। साथ ही, किसानों को बीमा योजनाओं से जोड़कर उनकी आय की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### संसाधनों की कमी

किसानों को आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीजों, और उर्वरकों की कमी का सामना करना पड़ता है। कई क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण किसान बारिश पर निर्भर रहते हैं। सरकार और निजी क्षेत्र को मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई प्रणालियों को मजबूत करना चाहिए। इसके अलावा, किसानों को जैविक खेती और आधुनिक कृषि तकनीकों, जैसे ड्रिप इरिगेशन और हाइड्रोपोनिक्स, के बारे में प्रशिक्षण देना चाहिए। इससे न केवल उनकी उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ होगा।

### प्राकृतिक आपदाओं का खतरा

बाढ़, सूखा, और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाएं किसानों के लिए अभिशाप बन जाती हैं। ये आपदाएं उनकी मेहनत को पलभर में नष्ट कर देती हैं। फसल बीमा योजनाएं इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, लेकिन इनका लाभ अभी भी सभी किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है। सरकार को चाहिए कि वह इन योजनाओं को और पारदर्शी बनाए और किसानों को इसके बारे में जागरूक करे। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए अनुसंधान और विकास पर ध्यान देना चाहिए, ताकि जलवायु अनुकूल फसलें विकसित की जा सकें।

### बाजार और मध्यस्थों का शोषण

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। बिचौलियों और मध्यस्थों की भूमिका के कारण उनकी आय का बड़ा हिस्सा छिन जाता है। सरकार को कृषि उपज विपणन समितियों (एपीएमसी) को और अधिक प्रभावी बनाना चाहिए। ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) जैसे डिजिटल मंचों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि किसान अपनी उपज सीधे खरीदारों को बेच सकें। इसके अलावा, कोल्ड स्टोरेज और परिवहन सुविधाओं को बढ़ाकर उपज की बर्बादी को रोका जा सकता है।

### शिक्षा और जागरूकता

किसानों को नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी का अभाव है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विश्वविद्यालयों और प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना कर किसानों को शिक्षित करना होगा। साथ ही, उन्हें डिजिटल साक्षरता प्रदान करनी होगी, ताकि वे ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग कर सकें।

### निष्कर्ष

किसानों को विवशता की हद से मुक्त कराने के लिए हमें समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। सरकार, निजी क्षेत्र, और समाज को मिलकर काम करना होगा। आर्थिक सहायता, तकनीकी नवाचार, और बाजार सुधारों के माध्यम से हम अपने अन्नदाताओं को सशक्त बना सकते हैं। जब किसान सशक्त होगा, तभी भारत सही मायनों में समृद्ध होगा।

# संकट से सबक लें भारतीय विश्वविद्यालय

ज्ञान मानव चेतना और मेहनत से विकसित एक सतत सामाजिक शक्ति है, जो प्रारंभ में निःशुल्क साझा और अनुकरण द्वारा बढ़ता रहा। समय के साथ, इसे आर्थिक और राजनीतिक संसाधन के रूप में संगठित किया गया, जिससे इसका उपयोग एक नियंत्रित यंत्र की तरह होने लगा। ज्ञान सामाजिक विरासत और जिम्मेदारी है।

ज्ञान साझा करने की नियंत्रित प्रणाली को शिक्षा प्रणाली कहा जाता है, जिसे राज्य की कानून व्यवस्था के तहत योजनाबद्ध किया गया है। आज इसे उद्योग और वित्तीय क्षेत्र धन उत्पादन के साधन के रूप में भी नियोजित किया जाता है। शिक्षा प्रणाली में ज्ञान के प्रसारण, अनुसंधान और विकास को राज्य सत्ता के प्रतिनिधि अपनी नीतियों के अनुसार नियंत्रित करते हैं, ताकि वे अपने हितों की सेवा कर सकें।

विज्ञान, औद्योगिक क्रांति और पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के उदय के बाद ज्ञान भी बाजार में एक वस्तु बन गया है। औद्योगीकरण, सामाजिक संरचना और श्रम परिवर्तन की जरूरत ने जन शिक्षा पर जोर बढ़ाया है। राजतंत्र से लोकतंत्र और उदार लोकतंत्र की ओर बदलाव ने मानव अधिकारों, बहुसंस्कृति, समानता और समावेश को उदार पूंजीवादी अर्थव्यवस्था का मानवीय पहलू बनाया है।

संयुक्त राज्य अमेरिका उदार पूंजीवादी नीतियों के साथ दुनिया के प्रमुख उदार लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है, जहां हर मूल के व्यक्ति को अपने सपनों को पूरा करने और योग्यता के आधार पर नागरिकता पाने का अवसर मिलता है। इसकी शिक्षा प्रणाली विश्व की श्रेष्ठ प्रणालियों में से एक मानी जाती है, जो उच्चतम कौशल और ज्ञान प्रदान करती है, जिसका उदाहरण हार्वर्ड विश्वविद्यालय है।

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाली रूढ़िवादी पार्टी ने राष्ट्रपति पद संभालने के बाद उदार आव्रजन और शिक्षा नीतियों पर प्रतिबंध लगाने शुरू किए। ट्रम्प प्रशासन ने इस्राइल-विरोधी प्रदर्शनों के दौरान यहूदी-विरोधी भावना रोकने में विफल रहने का आरोप लगाकर हार्वर्ड और अन्य विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई की है। उनसे विद्यार्थी प्रवेश और फैकल्टी भर्ती डेटा साझा करने और समावेशी कार्यक्रम बंद करने को कहा गया है।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने ट्रम्प प्रशासन के डीईआई कार्यक्रमों को बंद करने और प्रवेश-भर्ती डेटा साझा करने के आदेश को मानने के बजाय अदालत में चुनौती दी है। इसके जवाब में संघीय सरकार ने हार्वर्ड की 2.2 बिलियन डॉलर की शोध अनुदान राशि रोक दी है, कर-मुक्त दर्जा वापस लेने और छात्र विनिमय प्रमाणपत्र रद्द करने के आदेश जारी किए हैं।

# आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का बढ़ता उपयोग चिन्ताजनक

-ललित गर्ग-

टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है। इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुँच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।




एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनैशनल थर्ड पार्टी ट्रांजैक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है।

2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूज़र्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूज़र्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के ज़रिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है। लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीददारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिह्नित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। ये माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्ज़र्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से।

उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। 'ग़ज़वा-ए-हिंद' जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं।

भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चैनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें।

एफएटीएफ का चेतावनी के स्वरों में यह भी कहना है कि यदि आतंक के गढ़ एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले इन देशों ने इन सिफारिशों पर अमल नहीं किया तो उन्हें 'हाई रिस्क जॉन' की सूची में डाला जा सकता है। भारत को इस डिजिटल आतंकी खतरे से निपटने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से एक संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए-क्रिप्टो ट्रांजैक्शन की रियल-टाइम निगरानी, साइबर आतंकवाद पर विशेष फोर्स का गठन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से आतंकी कंटेंट की पहचान और हटाने के लिए मजबूत कानून, डार्क वेब और फेक डोनेशन चैनलों की सतत निगरानी आदि कदम उठाने चाहिए।


डिजिटल तकनीक ने जहां मानव जीवन को सरल और तेज़ किया है, वहीं इसका दुरुपयोग करके आतंकवाद को नया चेहरा देने की कोशिशें चिंता का विषय हैं। एफएटीएफ की चेतावनी को गंभीरता से लेने और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाना होगा ताकि वे अपनी धरती पर पनप रहे आतंकवाद एवं डिजिटल आतंकवाद के अड्डों को समाप्त करें। तभी एक सुरक्षित डिजिटल विश्व और शांतिपूर्ण वैश्विक समाज की कल्पना की जा सकती है। एफएटीएफ रिपोर्ट विश्लेषण करती है कि आतंकवादियों ने अपने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए वैश्विक दर्शकों से धन जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर धन उगाहने वाले प्लेटफॉर्म और क्राउडफंडिंग माध्यमों से आतंकवाद के वित्तपोषण प्राप्त किया है। आतंकवादी संगठन पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ डिजिटल तरीकों से भी धन जुटाकर आतंकवाद को अंजाम दे रहे हैं।

भारत ने एफएटीएफ रिपोर्ट को अपने रुख के समर्थन में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

यह रिपोर्ट आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। यह रिपोर्ट आतंकवाद के वित्तपोषण और संचालन में शामिल देशों और व्यक्तियों पर दबाव बढ़ाने और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नीतियों और रणनीतियों को विकसित करने में सहायक हो सकती है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली -3587



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3586 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दो दोस्त आपस में बातें कर रहे थे.

एक ने कहा-'जब मैं जंगल से होकर जा रहा था, एकाएक मुझे डाकुओं ने घेर लिया. उन्होंने मेरा सब रुपया-पैसा छीन लिया.'

'मगर तुम्हारे पास तो रिवाल्वर थी?' दोस्त ने चकित होते हुए पूछा.

'था तो!'

'फिर ?'

'उस पर डाकुओं की नजर नहीं पड़ी.' दोस्त ने भोलेपन से कहा.

□ □ □

दो अफीमची बातें कर रहे थे.

एक बोला-'मेरे पिता का मकान इतना ऊंचा था कि एक बार एक बच्चा छत पर से गिरा तो जमीन तक आते-आते वह आदमी बन गया.'

दूसरा अफीमची उससे भी दो कदम आगे था. वह बोला-'मगर मेरे पिता का मकान तुम्हारे पिता के मकान से भी ऊंचा था. उसकी छत से एक बार एक बन्दर गिरा तो नीचे आते-आते वह आदमी बन गया.'

□ □ □

मालिक-'सारे मजदूर दो-दो बोरियाँ उठा कर ला रहें हैं, पर तुम एक-एक बोरी ही क्यों ला रहे हो ?'

मजदूर-'साहब वो सब आलसी हैं इसलिए दूसरा चक्कर लगाने से डरते हैं.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3587



**बायें से दायें:-**

१. इमरान हाशमी, दीपल शॉ की 'क्योंकि इतना प्यार' गीत वाली फिल्म-४
३. 'सौ दर्द हैं सौ राहतें' गीत वाली प्रीती, सलमान, अक्षय की फिल्म-२,१,२
६. आमिर खान, माधुरी दीक्षित की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
७. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली अमिताभ, मनोज की फिल्म-२
८. मोहित अहलावत, निशा की 'धीमी धीमी सी जिंदगी' गीतवाली फिल्म-२
९. 'ये मुलाकात एक बहाना है' गीत वाली जीतेंद्र, सुलक्षणा की फिल्म-४
१०. अनिलकपूर, स्मिता की 'आसमान छत हो मेरी' गीत वाली फिल्म-३
११. 'एक था बचपन' गीत वाली अशोक कुमार, संजीव, सुमिता की फिल्म-४
१३. सनी, मीनाक्षी शेशाद्रि की 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा बत्रा की फिल्म-२
१६. नसीर, जैकी, शिल्पा, की 'लड़का लड़की से' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं ऐसा क्यों हूँ' गीत वाली अमिताभ, ऋतिक की फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, लीना की 'दुनिया ने मुझको समझा नाकारा' गीत वाली फिल्म-४
२०. 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली अनिलकपूर, पूनम की फिल्म-३
२३. संजयदत्त, उर्मिला की 'ये जान ले ले रे' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'प्यार मुझसे जो किया' गीत वाली फारूख शेख, दीप्ति की फिल्म-२,२
२५. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'दूल्हा दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'चोरी चोरी जब नजरें मिली' गीत वाली बॉबी देओल, नेहा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मितवा, कहे धड़कने तुझसे' गीत वाली अमिताभ, शाहरूख, जॉन, अभिषेक, काजोल की फिल्म-२,४,१,३
२. अजय, अभिषेक, रानी, करीना, 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' गीत वाली फिल्म-२
३. 'एक लड़की बस गई' गीत वाली सनी देओल, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
४. राहुल खन्ना, जॉन, मिथुन, लारा, अमीषा की 'बेचैन मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-३
५. 'कश पे कश लगाने दे' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२
६. ऋषि कपूर, शाहरूख, दिव्या की 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'तुम्हारे प्यार में' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, आशा की फिल्म-३
९. नाना, सलमान, मनीषा, सीमा की 'आज मैं ऊपर आसमां नीचे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मेरी बन्नो की आएगी' गीत वाली जैकी, जूही, अमृतासिंह की फिल्म-३
१२. अक्षय खन्ना, सोनाली बेंद्रे की 'सावन बरसे तरसे दिल' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'दूध का कर्ज' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी ?-३
१९. जैकी श्रॉफ मोहसिन खान, नीलम की 'दे दो दे दो मुझे दिल' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली संजय दत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२२. गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल की 'म्हारो गाँव काथिया पारे' गीत वाली श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 35861



## सूडोकु -3587

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3586 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## शब्द पहेली - 3587



**बाएँ से दाएँ**

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली - 3586 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक

गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 11 जूलाई 2025
Www.vishalindia.in

# यूपीएसआईडीए द्वारा भूखंड परिवर्तन हेतु पारदर्शी ड्रॉ का आयोजन

## यह ड्रॉ 11 जुलाई 2025, शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे, प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन, कासना, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा भूखंड परिवर्तन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु एक विशेष ड्रॉ का आयोजन किया जा रहा है। यह ड्रॉ 11 जुलाई 2025, शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे, प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन, कासना, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा।

इस ड्रॉ के माध्यम से कुल 42 भूखंडों को स्थानांतरित (परिवर्तित) किया जाएगा, जिनके आवंटियों को पूर्व में विभिन्न कारणों से अपने आवंटित भूखंडों पर कब्जा नहीं मिल सका था।

यह निर्णय उन भूखंड आवंटियों की वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्राधिकरण उपरोक्त भूखंडों पर तकनीकी, स्थलगत अथवा अन्य प्रशासनिक कारणों से कब्जा देने में असमर्थ था, जिसके चलते आवंटियों द्वारा लगातार भूखंड को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया जा रहा था। ड्रॉ की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए पर्चियाँ एक स्कूली बच्चे द्वारा, उपस्थित सभी आवंटियों के समक्ष निकाली जाएंगी। इस अवसर पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित भूखंड आवंटीगण उपस्थित रहेंगे। संपूर्ण प्रक्रिया का संचालन पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और सार्वजनिक रूप से स्वीकृत प्रणाली के अंतर्गत किया जाएगा।

### यूपीएसआईडीए के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अनिल शर्मा ने बताया

यूपीएसआईडीए सदैव यह प्रयास करता है कि आवंटियों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं न्यायसंगत प्रक्रिया से किया जाए। यह ड्रॉ उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक पहल है। प्राधिकरण द्वारा सभी संबंधित भूखंड आवंटियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस पारदर्शी प्रक्रिया का हिस्सा बनें।

# नोएडा एयरपोर्ट के 10 किमी दायरे में सख्त नियम

## बिना एनओसी निर्माण पर कार्रवाई, पक्षी और जानवरों पर नजर रखने के आदेश



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर पर्यावरण प्रबंधन समिति की दूसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक में एयरपोर्ट की सीओओ किरण जैन ने पावर प्रजेंटेशन के जरिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में पर्यावरण और विमान संचालन से जुड़े खतरों पर चर्चा हुई। सीओओ ने बताया कि इस क्षेत्र में पक्षियों और जानवरों की मौजूदगी विमान सुरक्षा के लिए चुनौती है। उन्होंने एनओसी रहित निर्माणों की पहचान, भवन निर्माण के नियमन और सर्वेक्षण शुरू करने का प्रस्ताव रखा।

जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया। मृत पशु और कचरा न फेंकने के निर्देश दिए गए। विभागीय अधिकारियों को एईएमसी सदस्यों के साथ मासिक निरीक्षण करने को कहा गया।

पथवाया ड्रेन सहित एयरपोर्ट क्षेत्र की सभी जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के आदेश दिए गए। बिना एनओसी के बन रही इमारतों की पहचान और कार्रवाई के लिए सर्वेक्षण दल बनाने की मंजूरी दी गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी, एसडीएम जेवर और जिला आपदा विशेषज्ञ समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि हवाई अड्डे के निकट बिना एनओसी के लेजर उत्सर्जकों और ड्रोन गतिविधियों संचालित न हो इसके लिए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाये ताकि प्रतिबंधित क्षेत्र में इन उपकरणों का प्रयोग रोका जा सके।

बैठक में वन, सिंचाई, पशुपालन, प्राधिकरण विभाग एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और यह आश्वासन दिया गया कि जिलाधिकारी द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# पश्चिमी यूपी समेत एनसीआर में भूकंप के झटके

एजेंसी

मेरठ। पश्चिमी यूपी के मेरठ सहित एनसीआर के गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा में गुरुवार सुबह 9 बजकर 05 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। अचानक धरती हिली और लोगों को भूकंप महसूस हुआ।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में भी 10 सेकेंड तक झटके आए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से पश्चिमी यूपी के एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिससे कुछ समय के लिए लोगों में दहशत फैल गई।

### झटका महसूस होते ही घरों से बाहर निकले लोग

झटका महसूस होते ही कई लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों से बाहर निकल आए और खुले स्थानों की ओर दौड़ पड़े।

हालांकि अब तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई पुष्टि नहीं हुई है, फिर भी लोग भयभीत नजर आए।

मेरठ के स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने बताया कि सुबह अचानक सब कुछ हिलने लगा, और दो मिनट बाद फिर से हल्का झटका लगा। हम डर के मारे बाहर आ गए। हालांकि, अभी तक किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

## रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने स्कूल बैग, स्टेशनरी व 3 इन 1 प्रिंटर किया भेंट

**ग्रेटर नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा क्लब के नये सत्र के पहले सर्विस प्रोजेक्ट की शुरुआत, रामकौर बालिका हाई स्कूल दुजाना में 100 बच्चों को स्कूल बैग, स्टेशनरी व स्कूल ऑफिस के लिए 3 इन 1 प्रिंटर भेंट करके की गई। क्लब अध्यक्ष रो0 ऋषि के अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा स्कूल में पिछले कई वर्षो से बच्चों को स्कूल बैग व स्टेशनरी भेंट किये जाते रहे हैं। गत वर्ष के स्कूल प्रबंधक हितेंद्र नागर जी ने इस वर्ष भी बच्चों के लिये बैग व स्टेशनरी का क्लब से सहयोग करने का अनुरोध किया था। जिसे क्लब ने सहर्ष स्वीकार कर उक्त सामान का प्रबंध किया। इस अवसर पर इस वर्ष के प्रबंधक जितेन्द्र नागर जी, रो0 सौरभ बंसल, रो0 विजेंद्र भाटी, रो0 ऋषि के अग्रवाल, रो0 निखिल गर्ग, रो0 राहुल शर्मा, रो0 संजय गर्ग, रो0 देवेंद्र नागर, रो0 शिव कुमार गुप्ता, रो0 जितेंद्र गिरी, रो0 रंजीत सिंह, व स्कूल से अन्य बुजुर्ग लोग मौजूद रहे।

## पुलिस और मेट्रो का केबल चोरी करने वाले गिरोह से मुठभेड़

# एक बदमाश घायल चार कांबिंग के बाद गिरफ्तार

**नोएडा। वकार सैफी।** नोएडा ज़ोन के थाना सेक्टर 39 पुलिस और मेट्रो का केबल चोरी करने वाले गिरोह से सेक्टर 42 के पास हुई मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश सुमित उर्फ बिल्ला घायल हो गया। घायल बदमाशों के चार साथियों अनूप पाल उर्फ चिकना, प्रवीण उर्फ शूटर, कोबिद और शाहनवाज को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

बता दे कि एडिशनल डीसीपी ने बताया कि सेक्टर-39 पुलिस द्वारा चौकी सदरपुर के पास चेकिंग की जा रही थी, तभी एक छोटा हाथी (टाटा ऐस) बिना नम्बर प्लेट व एक ब्रेजा कार में कुछ संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें चेकिंग हेतु रोकने का इशारा किया गया, परन्तु वह नहीं रुके और सेक्टर-42 की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर बदमाश स्वयं को घिरते देखकर छोटे हाथी व ब्रेजा कार को छोडकर जंगल की ओर भागने लगे और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में उपरोक्त बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश का नाम सुमित उर्फ बिल्ला है। उसके चार साथियों अनूप पाल उर्फ चिकना, प्रवीण उर्फ शूटर, कोबिद और शाहनवाज को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस, वारदात में इस्तेमाल होने वाली टाटा एस और ब्रेजा गाड़ी, लोहा काटने की आरी, चार बंडल केबल, दो बंडल केबल के रबर अन्य सामान बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि सभी बदमाशों का है लंबा आपराधिक इतिहास जिसकी जांच की जा रही है।

# नोएडा में पेंट कंपनी की बाल्टी में धमाका, 5 झुलसे

## 1 किमी तक सुनाई दी आवाज, साथी कर्मी लेकर अस्पताल भागे



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-8 स्थित पेंट कंपनी में पेंट मिक्सिंग बाल्टी फट गई। इसमें 5 कर्मी घायल हो गए। इन कर्मियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। इनका इलाज किया जा रहा है। इनके नाम आशीष, राकेश, अर्जुन, अखिलेश और अजय है।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर-8 में एक पेंट बनाने वाले कंपनी हे। यहां पेंट मिक्सिंग बाल्टी में स्पार्क हो गया। जिससे इसमें आग लग गई। इस बाल्टी को कंपनी से बाहरी निकाला जा रहा था। प्रेशर ज्यादा होने की वजह से बाल्टी में ब्लास्ट हो गया। इसे बाहर ले जा रहे पांच वर्कर इसकी चपेट में आ गए। जिससे वे घायल हो गए। उनके हाथ और चेहरे पर चोट लगी।

मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। थाना फेज-1 मौके पर पहुंची और तत्काल पांचों कर्मियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पांचों की हालत खतरे से बाहर है। साथ ही मौके पर पुलिस और अन्य कंपनी के शीर्ष अधिकारी जांच पड़ताल कर रहे है।

### केमिकल रिएक्शन से हुआ था ब्लास्ट

सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि ये कंपनी एफ- 20 सेक्टर-8 में है। यहां पेंट मिक्सिंग का काम होता है। जो ब्लास्ट हुआ वो एक बकेट में हुआ। इस बकेट में सेलेस नाइट्रेट में ज्यादा मात्रा में केमिकल डाला गया। जिसकी वजह से ये ब्लास्ट हुआ था। जिन लोगों ने ये बकेट पकड़ी थी। उन्हीं को चोट आई।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस मुठभेड़, दो बदमाश गोली लगने से घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में गुरुवार सुबह थाना दनकौर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ग्राम बल्लूखेड़ा जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल आती दिखी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाश भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान पंकज और सत्यवीर के रूप में हुई है। पंकज (34) गाजियाबाद के विजय नगर का रहने वाला है। वर्तमान में वह कासना थाना क्षेत्र के लड़पुरा में रहता है। सत्यवीर (23) गिरधरपुर, कासना का निवासी है। बदमाशों से दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। इनके पास से बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल और एक चोरी का मोबाइल फोन भी मिला है। एसीपी अरविंद कुमार का कहना है कि दोनों बदमाशों ने 26 जून की रात यंगटांग कंपनी के पास निर्माणाधीन बिजली घर से कीमती उपकरण चोरी किए थे।

# नोएडा में धारा 163 लागू

## रास्ते में 8 एम्बुलेंस, 16 डॉक्टर पैरामेडिकल टीम तैनात, 10 फीट ऊंचा हो सकता है डीजे

**नोएडा।** कांवड़ यात्रा को देखते हुए तीनों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों की बैठक की गई। स्पष्ट निर्देश दिए गए कि दुर्घटनाओं से बचने के उद्देश्य से वाहनों पर रखे जाने वाले डीजे की अधिकतम ऊंचाई 10 फीट, चौड़ाई 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही साथ डीजे की ध्वनि उच्च न्यायालय की ओर से निर्धारित मानकों के अनुरुप होनी चाहिए। नोएडा में धारा-163 लागू

### जनरेटर से मिलेगी लाइट

गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा प्रशासन के विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर कांवड़ मार्गो में आवश्यक मरम्मत, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा के लिए कैम्प लगवाए जाए। पूरे कावड़ मार्ग पर प्रकाश के पर्याप्त इंतजाम कराए जाए। साथ ही कांवड़ मार्गों पर ऑप्शनल व्यवस्था के रूप में जनरेटर की व्यवस्था की जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी गौतमबुद्धनगर से समन्वय बनाकर कांवड़ मार्गों पर आठ एम्बुलेंस और चिकित्सा कैम्प लगाए जा रहे है। इन चिकित्सा कैंप में 16 डॉक्टर, 16 फार्मासिस्ट, 16 वार्ड ब्वाय और 06-हेल्प डेस्क व आवश्यक दवाएं की व्यवस्था की जाए।

श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले मेलों में बैरिकेडिंग, कांवड़ सेवा शिविरों पर पुलिस प्रबंध एवं विद्युत रोशनी की व्यवस्था के अलावा सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जा रही है।

### 600 पोल पर लगाए इंसुलेशन

करंट के कारण होने वाली आकस्मिक दुर्घटनाओं की रोकने के लिए मार्ग पर पड़ने वाले 600 से अधिक पोल तथा 50 से अधिक टांसफार्मर में 'इंसुलेशन' का कार्य जलद पूरा किया जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 24X7 लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई अफवाह या साम्प्रदायिक टिप्पणी की गयी तो उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## पति-ससुर ने की महिला की हत्या, दोनों गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जमालपुर गांव में दहेज के लिए एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मृतका के भाई भोलू ने बताया कि उनकी बहन पूजा की शादी 5 साल पहले विनय से हुई थी। ससुराल वाले दहेज में फॉर्च्यूनर कार और प्लॉट की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर पूजा को प्रताड़ित किया जाता था। 8 महीने पहले आरोपी पूजा को मायके छोड़कर चले गए थे। 27 जून को माफी मांगकर उसे वापस ससुराल ले गए। मंगलवार को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपियों ने पूजा का गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने पति विनय और ससुर सुंदर को दनकौर रेलवे रोड से गिरफ्तार किया है। इस मामले में सास सुरेश, जेठ कपिल, जेठानी बबली और ननद स्वाति भी आरोपी हैं। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने पेड़ लगाकर जताया विरोध



**दनकौर।** ऐतिहासिक नगरी दनकौर के पास से गुजर रहे बाईपास की सड़क बनाने में यमुना प्राधिकरण के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के विरोध में गुरुवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर हो रहे जलभराव में धान व दर्जनों पेड़ रोपित करके विरोध प्रदर्शन किया।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर व जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान ने बताया कि कुछ माह पूर्व यमुना प्राधिकरण द्वारा दनकौर देहात व बिलासपुर क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को यमुना एक्सप्रेस वे तथा नोएडा दिल्ली मार्ग से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कराया गया था जोकि भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया और कुछ माह में ही सड़क पूरी तरह टूट गई जिसने तालाब का रूप ले लिया। मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि सड़क टूटने और जलभराव होने से आए दिन दुर्घटनाएं होने से लोगों का जानमाल का नुकसान हो रहा है।

दिनेश नागर ने बताया कि गुरुवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर हो रहे जलभराव में धान व दर्जनों पेड़ लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि जल्द की इस सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया और भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो करप्शन फ्री इंडिया संगठन यमुना प्राधिकरण पर आंदोलन करने को विवश होगा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान, राकेश नागर, सूबेदार दुलीचंद नागर, ब्रह्म प्रधान, कमल नागर, तनिश नागर, आर्यन, कुलबीर भाटी, गौरव भाटी, प्रभु, कार्तिक, शिवम कसाना आदि लोग मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## अंतिम निवास की यात्रा आसन नही, मृतक को कंधा देने वाले एक दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर चलते नजर आए

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित रोजा जलालपुर गांव की हालत है कि, अंतिम निवास की ओर जाने वाले रास्ते पर इतना पानी भर गया कि पार्थिव शव को कंधा देने वाले... एक दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर आगे बढ़ते नज़र आए। ताकि शव का अंतिम संस्कार किया जा सके। शमशान भूमि में पानी जमा हुआ है। वीडियो में देखा जा सकता है कि, किस प्रकार लोग एक शव को संस्कार के लिए ले जा रहे हैं और बता रहे है कि तमाम शिकायतों के बाद भी गांव से पानी निकासी की कोई व्यवस्था प्राधिकरण ने नही की है, आसपास बहुमंजली इमारतें जिस रोजा जलालपुर गांव की जमीन का पर बनी है, उस गांव की दशा नहीं बदली है। नोएडा के सेक्टर 72 में स्थित सर्फाबाद गांव की भी कुछ ऐसी ही दशा है, यहां यदु पब्लिक स्कूल के पास सड़क पर इतना जल जमा हो गया है कि गाड़ियां तक उसमें डूब गई है। लोग सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर रहे है, शायद कोई नेता और अधिकारी वीडियो को संज्ञान में ले ले जिससे गांव की दशा सुधर जाए।

## फर्जी आईएसओ सर्टिफिकेट बेचने वाला गिरोह पकड़ा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में फर्जी आईएसओ सर्टिफिकेट और ब्रांडिंग के नाम पर कंपनियों को ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। बिसरख पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने तीन वर्ष पूर्व सेक्टर 63 में डिस्ट्रीब्यूटर्स चैनल भारत नाम से कंपनी स्थापित की थी। ये कंपनी मालिकों को उत्पादों की बिक्री बढ़ाने और अधिक मुनाफे का लालच देते थे। साथ ही फर्जी आईएसओ सर्टिफिकेट भी प्रदान करते थे। एक पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपियों ने शिकायतकर्ता से 3.28 लाख रुपए की ठगी की थी। पुलिस ने मयंक तिवारी, विकास शर्मा, प्रदीप कुमार यादव, अविनाश गिरी, प्रदीप यादव और केशव को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों से 9 लैपटॉप, 9 टैब, मोबाइल फोन और फर्जी आईएसओ सर्टिफिकेट जब्त किए हैं। जांच में सामने आया है कि गिरोह ने अब तक सैकड़ों लोगों को ठगा है। कुल मिलाकर 68 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। सभी आरोपी बीटेक, एमबीए और एमसीए जैसी उच्च शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। ये कंपनियों को फर्जी डेटा दिखाकर विश्वास में लेते थे और फिर धोखाधड़ी करते थे।

## नोएडा में 27 करोड़ से ट्रैफिक में होगा सुधार

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम एनसीएपी के तहत 27 करोड़ रुपए मिला है। इसका प्रयोग नोएडा में ट्रैफिक जाम पाइंट में सुधार लाने के लिए किया जाएगा। इसके लिए प्रमुख सड़कों पर कहा कहा जाम की समस्या रहती है इसका एक सर्वे सलाहकार कंपनी से कराया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद नोएडा ट्रैफिक सेल (एनटीसी) उन सभी पाइंट को तकनीकी रूप से सही करेगा। ताकि वहां जाम की समस्या नहीं रहे। बता दे नोएडा में अधिकांश जाम बॉटलनेक की वजह से लगता है। प्राधिकरण ने बताया कि इसका प्रमुख उद्देश्य सड़क पर लोगों को जाम नहीं मिले। साथ ही प्रदूषण को कम करना भी है। जाम में गाड़ियां फंसने से वातावरण में प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। इसलिए प्रमुख सड़कों को ही चुना गया है। यहां ऐसे पाइंट जहां बॉटलनेक बन रहा हो, यूटर्न की वजह से जाम लग रहा हो, या लेफ्ट टर्न देने की आवश्यकता है। वहां तकनीकी रूप से दक्ष किसी एक कंपनी का चयन कर रि-कंस्ट्रक्शन कराया जाएगा।

## पुलिस जीप पर बदमाशों ने किया फायर

**नोएडा।** नोएडा पुलिस सेक्टर-35 के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध कार आते दिखी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। बदमाश रुके नहीं और भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने वॉर्निंग दी तो बदमाशों ने पुलिस की पेट्रोलिंग जीप पर फायर कर दिया। एक गोली सीधे पुलिस की गाड़ी के शीशे पर लगी। और उसमें छेद करते हुए अंदर गई। गनीमत रही कि गाड़ी में बैठे पुलिस कर्मियों को गोली नहीं लगी। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने अन्य टीम को अलर्ट किया और घेराबंदी की। इसके बाद पुलिस और बदमाशों की ओर से फायर किया गया। इस दौरान एक एक बदमाश को गोली लगी। बदमाश की पहचान संजीव कुमार यादव हुई। बदमाश पर 36 से ज्यादा मुकदमे है। इनके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगे। पुलिस ने टीम के साथ कांबिंग की और दोनों फरार बदमाश को पकड़ लिया। दोनों की पहचान सतपाल सिंह और अमन बग्गा तीनों बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। इस गैंग का सरगना संजीव है।

## ग्रेटर नोएडा में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क स्कीम की समीक्षा की। यह स्कीम 23 मई को लांच की गई थी। आवेदन की अंतिम तिथि 23 जून थी। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर कप्पा टू में प्रस्तावित भूखंड के लिए तीन कंपनियों ने आवेदन किया है। इनमें सुपर हैंडलर्स प्रा. लिमिटेड, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड और इंपेजर लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। मुख्य सचिव ने प्राधिकरण के बोर्ड रूम में तीनों कंपनियों का प्रस्तुतिकरण देखा। अंतिम निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लिया जाएगा। इस दौरान नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के सीईओ समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। 174 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले इस लॉजिस्टिक पार्क में 1200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। इससे 5000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही उद्योगों के लिए माल ढुलाई सुविधाजनक होगी।

## वॉटर वेपर रीजूम थेरैपी से मरीज का इलाज

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल में पहली बार एक बुज़ुर्ग पेशेंट का इलाज वॉटर वेपर रीजूम थेरैपी से किया गया। जिसमें बढ़े हुए प्रोस्टेट (ग्रेड 3) से जूझ रहे गाजियाबाद निवासी 69 साल के पूरन सिंह मेहरा को सर्जरी के बिना ही राहत मिली। अभी कुछ समय पहले तक ये थेरेपी केवल अमेरिका आदि देशों में ही थी। यह नोएडा का पहला मामला है जिसमें इस तकनीक का सफल उपयोग किया गया। ये थेरेपी अस्पताल के यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर डॉ. शैलेन्द्र कुमार गोयल ने की। पूरन सिंह मेहरा उत्तर प्रदेश पुलिस में अधिकारी रह चुके हैं। कई महीनों से बार-बार पेशाब आने, पेशाब के धीमे बहाव और रात में कई बार उठने जैसी तकलीफों से परेशान थे। वे सर्जरी से बचना चाहते थे क्योंकि उनकी उम्र के हिसाब से ब्लीडिंग, इन्फेक्शन, स्ट्रिक्चर, ब्लेडर नेक कॉन्ट्रैक्चर, सेक्शुअल डिस्फंक्शन और टरप सिंड्रोम जैसे जोखिम अधिक थे।



# 3 बच्चों को मारने वाली मां को फांसी की सजा

## यूपी में प्रेमी को भी उम्रकैद; कोर्ट बोला- ऐसी मां को जीने का हक नहीं

**औरैया।** यूपी के औरैया में 3 बच्चों को नदी में डुबोकर मारने वाली मां को फांसी की सजा हुई है। जिला कोर्ट ने उसके प्रेमी को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने इसे रेयर ऑफ रेयरेस्ट क्राइम मानते हुए कहा- जो महिला अपने बेटों को मार सकती है, उसे समाज में जीने का अधिकार ही नहीं है।




### जज ने लिखा- ऐसी घटना रिश्तों को शर्मसार करती हैं

एडीजे सैफ अहमद ने अपने फैसले में लिखा- प्रियंका ने एक के बाद एक 4 बच्चों को डुबोने का प्रयास किया। हर एक बच्चे को डुबोने के बाद उसके मन में किसी भी प्रकार की ग्लानि या ममता नहीं जागी। जो उसे एहसास कराती कि वह उनकी जननी है। वह अपने बच्चों के साथ ऐसा नहीं कर सकती। लेकिन, उसने बहुत ठंडे दिमाग से अपना उद्देश्य पूरा करने के लिए एक के बाद एक अपने बच्चों को डुबो दिया और घटना को अंजाम दिया।

ऐसी घटना समाज में भय का माहौल पैदा करती है और रिश्तों को शर्मसार करती है। इस घटना के बाद कैसे कोई यह दावे से कह सकता है कि एक बच्चा अपनी मां के साथ सुरक्षित रहेगा। यह जरूरी है कि ऐसे अपराध में दोषसिद्धि को ऐसा कठोरतम दंड दिया जाए, जो समाज के लिए उदाहरण बने। भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा करने की न सोचे।

दरअसल, पिछले साल 27 जून, 2024 को आरोपी मां ने प्रेमी देवर के ताने से परेशान होकर 4 बच्चों को नदी में फेंक दिया था। जिसमें से 3 बच्चों की मौत हो गई थी, जबकि एक को गांव वालों ने बचा लिया था। जो बच्चा बचा था, उसने ही मां के खिलाफ कोर्ट में गवाही दी।

कोर्ट ने जब महिला को फांसी की सजा सुनाई तो वह चुपचाप खड़ी रही। उसके चेहरे पर न शिकन थी, न ही किसी तरह का पछतावा। उसने अपनी सफाई में सिर्फ इतना कहा- पति की मौत के बाद ससुराल वालों ने मुआवजा के 5 लाख रुपए ले लिए और भैंस भी ले ली। वह बच्चों का गुजर बसर नहीं कर पा रही थी। जबकि प्रेमी देवर ने कहा- उसे फंसाया गया है।

## अवैध कॉलोनी पर प्रशासन का बुलडोजर एक्शन

**संभल।** संभल के चंदौसी तहसील के बहजोई कस्बा में प्रशासन ने अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर मिली शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई। 25 ट्यूबवेल के पास बन रही इस कॉलोनी में बिना लेआउट पास के प्लाटिंग की जा रही थी। नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर ने राजस्व और लेखपाल की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। प्रशासन ने बुलडोजर से अवैध रूप से बनाई गई बाउंड्री को तोड़ दिया। इस दौरान जिन लोगों ने प्लॉट खरीदकर बाउंड्री बनवाई थी, उन्होंने विरोध किया। प्लॉट खरीददारों ने नायब तहसीलदार के सामने अपनी शिकायत रखी। इस पर नायब तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि जमीन मालिकों की है, लेकिन बिना लेआउट पास कराए प्लाटिंग करना या बिना नक्शा पास के मकान बनाना गैरकानूनी है। प्रशासन ने कॉलोनी काटने वालों को चेतावनी दी है कि अगर दोबारा ऐसा किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई में सिर्फ अवैध बाउंड्री को हटाया गया है, किसी मकान को नहीं तोड़ा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी बिना लेआउट पास के कॉलोनी काटने या बिना नक्शा पास के मकान निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# मेरठ में बाइक पर गिरा पेड़, बाप-बेटी की मौत

## 30 मिनट तक तड़पते रहे; परिवार के साथ ससुराल जा रहे थे

**मेरठ।** मेरठ में गुरुवार को बाइक सवार मां-बाप और बेटी पर पेड़ गिर गया। तीनों करीब 30 मिनट तक पेड़ के नीचे दबे रहे। वो मदद के लिए चीखते-चिल्लाते रहे। राहगीरों ने पेड़ हटाकर किसी तरह उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने 3 साल की बेटी को मृत घोषित कर दिया। 2 घंटे बाद पिता ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि मां का अभी इलाज चल रहा है। उनकी हालत भी गंभीर है। हादसा मवाना थाना क्षेत्र के परीक्षित-गढ़ रोड के पास हुआ है। ये पेड़ जामुन का है।



### अब पढ़िए पूरा मामला...

मवाना में मोहल्ला कल्याण सिंह के अटोरा रोड निवासी उवेश अपनी पत्नी शहजादी और 3 साल की बेटी निदा के साथ अपाचे बाइक से ससुराल शाहजहांपुर जा रहे थे। सुबह 9.05 बजे जब वे परीक्षितगढ़ रोड स्थित ततीना मोड़ के पास पहुंचे। वहां एक जामुन का पेड़ था। एक दिन पहले बारिश की वजह से उसकी जड़ें कमजोर पड़ गई थीं। रास्ता सुनसान था। सुबह तेज हवा चली तो पेड़ उनके ऊपर गिर गया। उवेश बाइक और परिवार समेत उसके नीचे दब गए। उन्होंने आवाज लगाई, किसी ने कुछ सुना नहीं। करीब 30-35 मिनट तक दबे रहे। इसके वहां से गुजर रहे लोगों ने उनके ऊपर से पेड़ हटवाया। उनको लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां पहले निदा उसके बाद उवेश की मौत हो गई। 2018 में उवेश की शादी हुई थी। वह कपड़े का कारोबार करते थे। तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। दूसरे नंबर पर सोहेल और तीसरे नंबर यानी सबसे छोटा भाई नावेद है। सुहेल वेल्डिंग का काम करता है। उवेश के माता-पिता का निधन हो चुका है।

### लोगों में प्रशासन के खिलाफ गुस्सा

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रोड पर पेड़ की वजह से पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। सड़क किनारे खड़े जर्जर पेड़ों की समय रहते कटाई-छंटाई क्यों नहीं कराई गई। अगर समय से प्रशासन अपना काम करे, तो ऐसे हादसे नहीं हो।

# झांसी में 15 हजार की रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

एजेंसी

**झांसी।** झांसी में गुरुवार सुबह एंटी करप्शन टीम ने दरोगा विनीत कुमार को 15 हजार रुपए की घूस लेते गिरफ्तार किया है। वो मऊरानीपुर थाने में तैनात हैं। उन्होंने यह रिश्वत मारपीट से जुड़े एक मामले में धारा बढ़ाने की एवज में मांगी थी। पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने घेराबंदी की।

सुबह पीड़ित से दरोगा ने रिश्वत ली तो टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम उसे लेकर झांसी के प्रेमनगर थाना पहुंची। यहां दरोगा के खिलाफ केस दर्ज कराया गया।

28 जून को मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के मेलौनी गांव में ज्वाला प्रसाद यादव और बृजकिशोर के बीच मारपीट हो गई थी। अगले दिन ज्वाला के बेटे अभिषेक यादव उर्फ छोटू ने बृजकिशोर और अन्य पर मऊरानीपुर थाने में मारपीट का केस दर्ज कराया था।

दूसरे पक्ष के बृजकिशोर की तहरीर पर ज्वाला, अभिषेक और अन्य पर केस दर्ज हुआ था। दोनों मामले की जांच दरोगा विनीत कुमार को सौंपी गई। मारपीट में ज्वाला को गंभीर चोट आई थी। उनका पैर टूट गया था।

इस पर अभिषेक ने दरोगा से आरोपियों पर कठोर कार्रवाई कर धारा बढ़ाने के लिए कहा तो वो 40 हजार रुपए की डिमांड करने लगे।

# बदायूं में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत

## चारों एक ही गांव के, आमने सामने से टकराई बाइक

**बदायूं।** बदायूं में गुरुवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। हादसा होते ही आसपास के लोग दौड़े। तुरंत पुलिस सो सूचना दी। पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने 4 को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अतर सिंह मीणा (40) बच्चू सिंह (60) सोमपाल मीणा (55) संजय मीणा (25) के रूप में हुई है। जबकि अशोक मीणा (35) की हालत गंभीर है।



सभी एक ही गांव करखेड़ी के रहने वाले हैं। घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र में करखेड़ी परसिया रोड पर हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज हुई कि बाइके के परखच्चे उड़ गए। एक बाइक पर तीन और एक बाइक पर दो लोग सवार थे। दौड़कर मौके पर पहुंचा तो देखा खून से लथपथ सभी सड़क पर पड़े थे। एक की तो मौके पर ही मौत हो गई थी।

जबकि तीन ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि डॉक्टर ने एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना पर डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ ब्रजेश सिंह मौके पर पहुंचे। मौके का जा जायजा लिया। एसएसपी डॉ ब्रजेश सिंह ने बताया एक स्प्लेंडर बाइक करखेड़ी गांव से आ रही थी। उस पर दो लोग थे, जबकि बुलेट बाइक पर तीन लोग सवार थे। बाइकों की भिड़ंत हुई।

एक की मौके पर मौत हो गई थी। बाकी के तीन घायलों की बिसौली और सैदपुर सीएचसी पर मौत हुई। घायल को जिला अस्पताल भेजा गया है। चारों मृतक एक ही गांव के रहने वाले हैं। घायल के इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

# रिटायर्ड टीचर की पत्नी को रिश्तेदारों ने ही मार डाला

## नकदी-जेवर लूटने के लिए पहले गला घोंटा, फिर भाग निकले, कमरे से फिंगर प्रिंट मिले

**कानपुर।** कानपुर में रिटायर्ड टीचर की पत्नी की हत्या रिश्तेदारों ने ही कर डाली। पुलिस ने घर से 500 मीटर दूर तक 100 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले हैं।

इसमें एक काली कार का मूवमेंट बार-बार दिख रहा था। एक युवक काला बैग लेकर जाता हुआ दिखा।

फारेंसिक टीम को क्राइम स्पॉट से अंगुलियों के निशान समेत कुछ महत्वपूर्ण सबूत मिले। इसी आधार पर पुलिस ने प्रेमलता के नजदीकी 2 रिश्तेदारों को हिरासत में लिया है।

इधर, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या करने की बात सामने आई है। पति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, साथ ही उनके बयान भी दर्ज किए। गुरुवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लखनऊ से पहुंचे टीचर के बेटे ने मां को मुखाग्नि दी।

### रिटायर टीचर से तड़के 4 बजे तक पूछताछ हुई

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे रिटायर टीचर सुनील कृष्ण मिश्रा ने बताया- बुधवार शाम से गुरुवार तड़के 4 बजे तक पुलिस ने पूछताछ की। डीसीपी क्राइम और क्राइम ब्रांच के अफसरों ने पूछताछ की।

सुबह बजरिया एसओ और अन्य अफसर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ क्लू मिले हैं। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

मेरे बयान दर्ज किए गए। गुरुवार दोपहर बाद प्रेमलता मिश्रा का भैरव घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। लूट के बाद महिला की हत्या के बाद से पुलिस अलर्ट थी।

## संभल में दो मासूमों की गड्ढे डूबने से मौत

संभल। संभल में गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास के पास एक गहरे गड्ढे में पानी भरने से दो मासूमों की जिंदगी असमय थम गई। नखासा थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर सुनवारी में गुरुवार दोपहर यह दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें दो चचेरे-तहेरे भाई, निशांत और प्रिंस (दोनों 10 वर्षीय), डूबकर मौत के शिकार हो गए। जानकारी के मुताबिक, दोनों बच्चे राधा गोविंद स्कूल, शहजादपुर में पढ़ते थे। स्कूल से लौटकर घर आकर उन्होंने बस्ता रखा और नहाने के लिए गहरे गड्ढे में उतर गए, जहां रातभर की बारिश से पानी और दलदल भर गया था। गड्ढा इतना गहरा था कि बच्चे बाहर नहीं निकल पाए और उसमें डूबकर दम तोड़ दिया। घटना के वक्त निशांत की छोटी बहन प्राची स्कूल से लौट रही थी। रास्ते में उसने अपने दोनों भाइयों को पानी में डूबते देखा, पर घबराहट और डर के कारण उसकी आवाज तक नहीं निकल पाई। उसी वक्त गांव के युवक सुभाष ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर जा रहा था, जिसने प्राची के इशारे समझकर बच्चों को निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

## कानपुर में 6 साल की बच्ची से रेप

कानपुर। कानपुर में 6 साल की बच्ची से रेप किया गया। आरोप पड़ोस में रहने वाले युवक पर ही है। युवक मासूम को घर से उठाकर गांव के किनारे बगीचे में लेकर गया, जहां पर मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मासूम ने घर पहुंचकर परिजनो को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनो ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छ वर्षीय मासूम के पिता ने साढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी घर पर मां के पास पड़ी चारपाई पर सो रही थी, आरोप है, कि इस दौरान पड़ोस का रहने वाला एक युवक वहां पर आया और मासूम को उठाकर ले गया। इसके बाद युवक ने गांव के किनारे स्थित बगीचे में मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मासूम ने शोर मचाया तो आरोपी युवक ने किसी को बताने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मासूम को बगीचे में छोड़कर भाग निकला। मासूम ने घर पर पहुंचकर परिजनों से आपबीती बताई। परिजनों ने साढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# यातायात पुलिस और एनसीसी कैडेट्स ने किया लोगों को जागरूक

**ललितपुर।** हेलमेट सर पर, सुरक्षित घर पर दुर्घटनाओं पर लगेगा ताला, जब पहनोगे सुरक्षा की माला गुरुवार को शहर में यातायात पुलिस और एनसीसी कैडेट्स ने सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से वाहन चालकों को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते हुए यातायात नियमों के प्रति लोगों को चेताते हुए उनका पालन करने की अपील की और उन्हें यातायात नियमों का पाठ भी पढ़ाया । उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि स्वयं के लिए केवल आप हैं, लेकिन अपनों के लिए आपका पूरा परिवार है । पुलिस



अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एनसीसी कैडेट्स के साथ शहर के वर्णी चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, 4 पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंट बाजी न करना, ओवरस्पीडिंग न करना, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना और दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय सहायता हेतु जागरूक किया गया। उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया और प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 57 वाहनों का चालान किया गया ।

# कांवड़ यात्रा में हर 10 मिनट पर मिलेगी नमोभारत ट्रेन

## एनसीआरटीसी ने बढ़ाई ट्रेन की फ्रीक्वेंसी, सुबह और शाम के पीक आवर्स में मिलेगी सुविधा

**मेरठ।** एनसीआरटीसी ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नमो भारत ट्रेन की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने का निर्णय लिया है। 11 जुलाई से शुरू होने वाली इस पवित्र यात्रा के दौरान न्यू अशोक नगर और मेरठ साउथ के बीच ट्रेन 15 मिनट की बजाय 10 मिनट के अंतराल पर चलेगी। यह विशेष सेवा सुबह 8 से 11 बजे तक और शाम 5 से 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

वर्तमान में यह सेमी हाई स्पीड ट्रेन 11 स्टेशनों के बीच 55 किलोमीटर के सेक्शन पर संचालित हो रही है। अब तक इस ट्रेन से 1.25 करोड़ से अधिक यात्राएं की जा चुकी हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान दिल्ली से हरिद्वार तक सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ जाता है।

मेरठ में भारी वाहनों और बसों का प्रवेश कुछ समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाता है। ऐसे में बढ़ी हुई ट्रेन सेवा से स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। एनसीआरटीसी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध कर रहा है।

स्टेशनों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गई है। प्रमुख स्थलों पर ट्रैफिक मार्शल तैनात किए जा रहे हैं।

## ट्रांसफॉर्मर चोरी 18 घंटे से बिजली गुल

**किठौर।** मेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र के एम ब्लॉक में बीती रात चोरों ने विद्युत विभाग के ट्रांसफॉर्मर के पार्ट्स चोरी कर लिए। चोरी की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। 18 घंटे बीत जाने के बाद भी विद्युत विभाग ने नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया। बिजली न होने से इलाके में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। लोगों को पीने और नहाने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। समस्या से परेशान लोगों ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों के मोबाइल फोन बंद मिले। इससे नाराज सैकड़ों स्थानीय निवासी लोहिया नगर बिजली घर पहुंचे और प्रदर्शन किया।

# शार्ट न्यूज

## संभल में सांप के काटने से बच्चे की मौत

**संभल।** संभल के कोतवाली बहजोई क्षेत्र में सांप के काटने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम 6: 30 बजे गांव खजरा खाकम में हुई। मृतक अंकित पुत्र महानंदन ने घर की दीवार के मौकले में हाथ डाला था। सांप के काटने के बाद बच्चे के रोने की आवाज सुनकर पिता दौड़कर आए। उन्होंने पहले हाथ पर बंद लगाया। इसके बाद बच्चे को देसी इलाज के लिए गांव किसौली ले गए। झाड़-फूंक से बच्चे की हालत में सुधार नहीं हुआ। फिर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई लाया गया। डॉक्टरों ने तत्काल भर्ती कर इलाज शुरू किया, लेकिन बच्चे को बचाया नहीं जा सका। डॉ. सचिन वर्मा ने बताया कि सांप के काटने के करीब सवा घंटे बाद बच्चे को अस्पताल लाया गया। सादातबाड़ी मंदिर अस्पताल से ज्यादा दूर नहीं है। समय पर इलाज मिलता तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दे दी है। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## फिरोजाबाद में विवाहिता ने की आत्महत्या

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में एक विवाहिता ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुरातन विद्यालय स्कूल के पास रहने वाली बेबी देवी (31) ने बृहस्पतिवार को यह कदम उठाया। बेबी देवी का विवाह हर्ष कुमार (38) के साथ 2012 में हुआ था। दंपति के दो बेटे हैं। घटना के समय हर्ष कुमार नौकरी पर थे। बच्चों ने मां को फंदे पर लटका देख पिता को सूचना दी। सूचना मिलते ही शिकोहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला को तुरंत संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बेबी देवी किसी बात से परेशान थीं। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार राणा का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

## फिरोजाबाद में चुर्री खाने से 10 बच्चे बीमार

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के गांव मेहरी की ठार बदन सिंह में जहरीली चुर्री खाने से 10 बच्चों की तबियत बिगड़ गई। सभी बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार शाम 5 बजे की है। हिमायूंपुर थाना दक्षिण फिरोजाबाद का एक व्यक्ति गांव में चुर्री बेचने आया था। बच्चों की जिद पर अभिभावकों ने उनके लिए चुर्री खरीदी। चुर्री खाने के कुछ देर बाद ही बच्चों के पेट में दर्द शुरू हो गया और उल्टियां आने लगीं। बीमार बच्चों में मायाराम के तीन बच्चे देवेंद्र (11), शालू (9) और गुंजन (6) शामिल हैं। अशोक कुमार की दो बेटियां शिवानी (8) और वर्षा (6) भी बीमार हुई हैं। राकेश का बेटा वेद प्रकाश (8), प्रमोद के दो बच्चे मुस्कान (8) और समोद (6), टीटू की बेटी तमन्ना (6) और दुर्गा प्रसाद की बेटी वंदनी (7) भी इस हादसे का शिकार हुई हैं। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने बताया कि सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस चुर्री बेचने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है।

## कुल्हाड़ी से मारकर युवक की हत्या

**गोरखपुर।** गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े खेत में घुसकर 35 वर्षीय अनिल यादव की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी गई। इसके बाद खून से सने बेटे का सिर गोद में लेकर काफी देर तक मां चीखती रही। मां ने आरोप लगाया- गांव के ही दो भाइयों ने इस घटना को अंजाम दिया। इसके बाद भाग निकले। घटना स्थल पर बांसगांव पुलिस और एसपी साउथ पहुंचकर जांच पड़ताल किए। बांसगांव थाने में मृतक अनिल यादव की मां फूलमती देवी की तहरीर पर गजारी गांव के ही पट्टीदार के दो सगे भाइयों सोहन और मोहन यादव के खिलाफ हत्या का केस पुलिस ने दर्ज किया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश भी शुरू हो गई है। एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार ने कहा - पट्टीदारी के ही दो युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर युवक की जान ली है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## देवरिया के दिव्यांग केंद्र में छात्र की मौत

**देवरिया।** देवरिया के सुरौली थाना क्षेत्र के उसरा बाजार स्थित एक दिव्यांग केंद्र में गुरुवार को 14 वर्षीय बालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौत के बाद संस्थान के कर्मचारी शव को बोरे में भरकर अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। तभी ग्रामीणों को शक हुआ और उन्होंने कर्मचारियों को रोककर हंगामा शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि दिव्यांग संस्थान में रहने वाले कुछ बच्चों में से एक की बुधवार शाम तबीयत बिगड़ गई थी, जिसकी इलाज के अभाव में गुरुवार को मौत हो गई। इसके बाद संस्थान के कर्मचारी बिना किसी सूचना और प्रक्रिया के शव को बोरे में डालकर चुपचाप अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। इस हरकत पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई और कर्मचारियों को घेर लिया। हंगामा बढ़ता देख कर्मचारी शव वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही सुरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गुस्साए ग्रामीणों को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सुरौली थाना क्षेत्र के उसरा बाजार स्थित दिव्यांग संस्थान में एक बच्चे की मृत्यु हुई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सजा

**बलरामपुर।** बलरामपुर के विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी मिथिलेश उर्फ गोभी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को 10 साल का सश्रम कारावास और 6 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अगस्त 2019 में पीड़िता की मां ने थाना पचपेड़वा में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि स्थानीय निवासी मिथिलेश ने उनकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। इनमें भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 323, 354क, 354घ, 506, 509 और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 शामिल हैं। उप निरीक्षक गौरव सिंह तोमर ने मामले की जांच कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार शुक्ला और प्रभारी मॉनिटरिंग सेल ओम प्रकाश चौहान ने मामले की पैरवी की। थाना पचपेड़वा पुलिस टीम के सहयोग से ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत यह सफलता हासिल की गई।

## प्रतापगढ़ में अवैध मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में अवैध मेडिकल स्टोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। सहायक आयुक्त (औषधि) प्रयागराज मंडल के निर्देश पर औषधि निरीक्षकों की टीम ने छापेमारी की। जिलाधिकारी प्रतापगढ़ ने कार्रवाई के लिए तहसीलदार (सदर) और नगर कोतवाल को नियुक्त किया। नायब तहसीलदार (सदर) के नेतृत्व में टीम ने जिला चिकित्सालय के सामने प्रताप बहादुर पार्क में स्थित मेडिकल स्टोरों की जांच की। जांच के दौरान सावित्री हेल्थ केयर सेंटर को अवैध रूप से सावित्री पॉली क्लीनिक के नाम से संचालित पाया गया। टीम ने मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 85,000 रुपए की दवाएं जब्त की। इसी दौरान सहायक आयुक्त (औषधि) प्रयागराज मंडल ने औषधि निरीक्षक के साथ प्रवीन मेडिकल एजेंसी, जमजम मेडिकल स्टोर और उत्ताप मेडिकल एजेंसी, देल्हुपूर आफताब मेडिकल एजेंसी का भी निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के चार उच्च न्यायालयों के नए मुख्य न्यायाधीशों ने ली शपथ

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के चार उच्च न्यायालयों के नए मुख्य न्यायाधीशों ने मंगलवार को अलग-अलग समारोहों में अपने-अपने पद की शपथ ली। ये शपथ ग्रहण कार्यक्रम राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की ओर से आयोजित किए गए। उन्होंने यह नियुक्तियां पाकिस्तान के न्यायिक आयोग की सिफारिश पर की थीं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद सरफराज डोगर ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शपथ ली। इसके अलावा, पेशावर उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति सैयद मोहम्मद अतीक शाह, बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रोजी खान बराच, सिंध उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति जुनैद गफ्फार ने भी शपथ ली।

### यमन के हूती विद्रोहियों का लाल सागर में जहाज पर हमला, तीन की मौत

**सना, एजेंसी।** यूरोपीय संघ की नौसेना ने मंगलवार को बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक मालवाहक जहाज पर हमला किया, जिसमें 3 नाविकों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए। यह जहाज लाइबेरिया के झंडे वाला था। इस घटना से पता चलता है कि हूती विद्रोही फिर से इस अहम समुद्री रास्ते पर जहाजों को निशाना बना रहे हैं, जो दुनिया के व्यापार के लिए बहुत जरूरी है। यह हमला एक ग्रीस की कंपनी के जहाज इटरनिटी सी पर हुआ। इससे पहले, रविवार को हूतियों ने एक और जहाज पर हमला किया था और दावा किया था कि वह जहाज बाद में डूब गया। यह 2024 के अंत के बाद हूतियों द्वारा किया गया पहला बड़ा हमला है। हाल ही में इस रास्ते से ज्यादा जहाज गुजरने लगे थे।

### ब्राजील में किशोर ने स्कूली बच्चों पर किया हमला, नौ वर्षीय बच्चे की मौत

**ब्रासीलिया ह्वे, एजेंसी।** ब्राजील के एक स्कूल में मंगलवार को 16 साल के एक लड़के ने बच्चों पर हमला कर दिया, जिसमें एक नौ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। यह घटना देश के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल के एस्टाकाओ नामक शहर में हुई। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर लड़के को थोड़ी ही देर में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि इस हमले में एक और बच्चा और एक शिक्षक भी घायल हो गए हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हमले में चाकू का इस्तेमाल किया गया। पुलिस का कहना है कि हमला क्यों किया गया, इसका कारण अभी पता नहीं चला है और जांच जारी है। हमलावर लड़के का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। पुलिस ने उसकी पहचान भी उजागर नहीं की है। हमले के बाद, एस्टाकाओ नगर प्रशासन ने इलाके के सभी स्कूलों में कक्षाएं अनिश्चित समय के लिए बंद कर दी हैं।

### घाना के राष्ट्रपति ने अवैध सोने की खुदाई रोकने के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाई

**अक्रा, एजेंसी।** घाना के राष्ट्रपति ने मंगलवार को एक विशेष टास्क फोर्स बनाई है ताकि देश में अवैध रूप से सोना निकालने और उसकी तस्करी को रोका जा सके। ये समस्या घाना में काफी समय से चली आ रही है और देश के लिए बड़ी चिंता का कारण बनी हुई है। घाना में अवैध खनन को स्थानीय भाषा में गैलमसी कहा जाता है। यह मुद्दा पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में बहुत चर्चा में था और लोगों ने इस पर सरकार की आलोचना भी की थी। राष्ट्रपति जॉन महामा ने इस नई टीम का उद्घाटन करते हुए कहा कि इसका मकसद साफ है- इस समस्या से सख्ती से निपटना। यह टास्क फोर्स पुलिस, सेना और दूसरी सुरक्षा एजेंसियों के लोगों से बनी है। इसे यह अधिकार दिया गया है कि वह अवैध खनन करने वालों को पकड़ सके और हिरासत में ले सके।

### अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भी दावा- ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान युद्ध रोका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया। हालांकि भारत सरकार ट्रंप के दावे को खारिज कर चुकी है और भारत का कहना है कि पाकिस्तान की तरफ से संघर्ष विराम की पहल हुई। हालांकि भारत द्वारा ट्रंप के दावे को खारिज किए जाने के बावजूद ट्रंप कई बार कह भारत-पाकिस्तान का युद्ध रुकवाने का श्रेय ले चुके हैं। अब अमेरिका के विदेश मंत्री ने भी यही दावा किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका। मंगलवार को व्हाइट हाउस में कैबिनेट की बैठक में ट्रंप की मौजूदगी में रुबियो ने कहा, मैं यहां एक सूची देख रहा हूं। जिसमें आपके (राष्ट्रपति ट्रंप) नेतृत्व में, हमने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका और समाप्त किया। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और रवांडा के बीच शांति समझौता कराया। 12-दिवसीय युद्ध जो एक अमेरिकी ऑपरेशन के साथ समाप्त हुआ, जिसे दुनिया में सिर्फ हम ही कर सकते थे। उम्मीद है कि जल्द ही अज़रबैजान और आर्मेनिया के बीच शांति समझौता हो जाएगा। पूरे मध्य पूर्व और इसके बुनियादी ढांचे में अब सीरिया और लेबनान के कारण बदलाव की संभावना है। यह आपके नेतृत्व का सबूत है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर से दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध हो सकता था। ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय रात्रिभोज से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा, हमने भारत और पाकिस्तान, सर्बिया, कोसोवो, रवांडा और कांगो और कई अन्य देशों के साथ के साथ काम किया है, जो लड़ने वाले थे, और यह सब पिछले तीन सप्ताहों में हुआ है। हमने बहुत सारी लड़ाइयां रोकी हैं। मुझे लगता है कि सबसे बड़ी लड़ाई भारत और पाकिस्तान की थी। हम भारत के साथ काम कर रहे हैं। हम पाकिस्तान के साथ काम कर रहे हैं। हमने कहा कि अगर आप लड़ने जा रहे हैं तो हम आपके साथ व्यापार नहीं करेंगे। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न हैं। और मुझे लगता है कि इसे रोकना बहुत महत्वपूर्ण था। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराने के दावों और इस पर भारतीय सरकार के रुख पर अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा, बहुत सारी टिप्पणियां अपने आप में ही सब कुछ बयां कर देती हैं।

# पाकिस्तान में प्रधानमंत्री शहबाज के तख्तापलट की आशंका: राष्ट्रपति जरदारी के इस्तीफे की चर्चा तेज

## सेना का नया गेम- मुनीर अगले राष्ट्रपति, बिलावल नए पीएम

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की सियासत में इन दिनों जबरदस्त हलचल है। चर्चाएं जोरों पर हैं कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को जल्द ही पद छोड़ने के लिए कहा जा सकता है और उनके स्थान पर शक्तिशाली सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर देश के नए राष्ट्रपति बन सकते हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान में मौजूदा संसदीय प्रणाली को बदलकर राष्ट्रपति प्रणाली लागू किए जाने की भी तैयारी बताई जा रही है। सत्ता परिवर्तन का खेल पाक आर्मी के समर्थन से हो रहा है।

पाक आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर पाकिस्तान की सत्ता संरचना में सबसे ताकतवर पद पर आसीन हैं। वे सत्ता पर अपनी पकड़ को और मजबूत करते जा रहे है। हाल ही में उन्हें फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस पद के साथ असीम मुनीर को आजीवन सैन्य विशेषाधिकार, कानूनी प्रतिरक्षा और असंवैधानिक हस्तक्षेपों से सुरक्षा प्राप्त हो जाती है।



**पीएम शहबाज शरीफ विरोध कर रहे** : आर्मी चीफ मुनीर और जरदारी के बीच बढ़ने समीकरणों के लेकर के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने विरोध जताना शुरू कर दिया है। मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनकी पार्टी पीएमएलएन इस संभावित बदलाव का विरोध कर रहे हैं। उन्हें डर है कि यदि राष्ट्रपति प्रणाली आई तो न केवल शहबाज की प्रधानमंत्री पद से छुट्टी होगी, बल्कि पाकिस्तान की सियासत में पीएमएलएन और शरीफ परिवार की प्रासंगिकता भी खत्म हो जाएगी। खबर है कि इसलिए पीएमएलएन पाकिस्तानी आर्मी के विभिन्न धड़ों से संपर्क में हैं, ताकि बिलावल के उदय को रोका जा सके।

**बिलावल को पीएम बनाने की मांग पीपीपी में तेज :** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता आसिफ अली जरदारी के इस्तीफे की चर्चा उनकी गिरती सेहत के आधार पर हो रही है। रिपोर्टों के अनुसार, जरदारी ने यह शर्त रखी है कि अगर बिलावल भुट्टो जरदारी को कोई ऐसा बड़ा पद मिले जहां वह एक परिपक्व नेता के रूप में उभर सकें, तो वह इस्तीफा दे सकते हैं। पीपीपी ने बिलावल भुट्टो के लिए पीएम का पद मांगा है। हालांकि, खुद पीपीपी के अंदर बिलावल की भूमिका को लेकर मतभेद हैं।

**संविधान संशोधन कर सकते हैं आर्मी चीफ मुनीर :** आर्मी चीफ मुनीर का दखल पाकिस्तानी संसद, न्यायपालिका और विदेश नीति पर भी देखा जा रहा है। उनकी वॉशिंगटन, रियाद और बीजिंग जैसी जगहों पर उनकी हाई-प्रोफाइल कूटनीतिक यात्राएं इस बात का प्रमाण हैं कि वे पाकिस्तान के 'स्थायित्व दूत' के रूप में देखे जाते हैं। विश्लेषकों का मानना है कि असीम मुनीर राष्ट्रपति बनकर सिर्फ प्रतीकात्मक पद पर नहीं रहना चाहते, बल्कि पाकिस्तान की पूरी राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव लाना चाहते हैं।

यह प्रयास जनरल जिया-उल-हक के 1977 के तख्तापलट की वर्षगांठ के समय सामने आया है, जिससे इसे एक 'सॉफ्ट कू' के रूप में देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि संसद, न्यायपालिका और मीडिया पर असीम मुनीर का पूर्ण नियंत्रण है और इसलिए संविधान में बदलाव कर राष्ट्रपति प्रणाली लागू करने में उन्हें कोई खास मुश्किल नहीं होगी।

**पहले भी 3 सेना प्रमुख राष्ट्रपति बने :** पाकिस्तान में इससे पहले 3 सेना प्रमुख ऐसे रहे हैं जो बाद में देश के राष्ट्रपति बने। हालांकि, तीनों ही तख्तापलट करने के बाद ही राष्ट्रपति पद पर पहुंचे थे। पाकिस्तान में आज तक कोई भी प्रधानमंत्री 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया है।

अयूब खान तख्तापलट 1958 1958-69
जिया-उल-हक तख्तापलट 1977 1978-88
परवेज मुशर्रफ तख्तापलट 1999 2001-08

# अदालत ने 10 लोगों को 141-141 साल की सजा सुनाई, सभी कार्टेल संचालित भर्ती फार्म पर जघन्य अपराध के दोषी

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मैक्सिको की एक अदालत ने मंगलवार को 10 लोगों को 141 साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई। ये सभी लोग पश्चिमी मैक्सिको के जलिस्को राज्य के एक फार्म हाउस पर खतरनाक अपराधी गिरोह जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) के लिए लोगों की भर्ती, हत्या और लाश गायब करने के मामलों में शामिल थे।



**क्या है मामला? :** जलिस्को राज्य में में मौजूद इसागुइरे रैंच (फार्म हाउस) का इस्तेमाल साल 2021 से अपराधियों की भर्ती और ट्रेनिंग के लिए किया जा रहा था। इसी साल इस फार्म हाउस का खुलासा हुआ, जिससे पूरे इलाके में डर और दहशत फैल गई। सितंबर 2024 में फार्म हाउस पर पहली बार छापा मारा गया था और वहां से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अब उन्हें तीन लोगों के अपहरण और हत्या के मामले में दोषी पाया गया है।

**दोषियों को सजा, पीड़ितों को मुआवजा :** अदालत ने हर दोषी को 141 साल तीन महीने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, 13 लाख मेक्सिकन पेसो (लगभग ?54 लाख रुपये) पीड़ितों के परिवार को मुआवजा देने का भी आदेश दिया गया है।

**अब भी पांच आरोपी जेल में :** इस केस में अभी भी पांच अन्य लोग आरोपों का सामना कर रहे हैं। जिसमें तीन स्थानीय पुलिस अधिकारी हैं, एक गिरोह का सदस्य जो नई भर्ती करता था और टेउचिटलान नगर के मेयर जोस मुरगुइया सैंटियागो शामिल हैं। खास बात ये है कि जलिस्को की मानवाधिकार संस्था ने साल 2021 में ही स्थानीय प्रशासन को चेताया था कि यह फार्म हाउस खतरनाक गिरोह चला रहा है। लेकिन नगर प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। इसके बाद मेयर को गिरफ्तार कर लिया गया।

**मानव अवशेष और जले हुए कपड़ों का खुलासा :** मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के एक समूह ग्युरेरोस बुस्काडोरेस डी जलिस्को ने इस साल 5 मार्च को फार्म हाउस से जली हुए मानव अवशेष और सैकड़ों कपड़े-चप्पल बरामद किए। यह देखकर लोगों में गुस्सा और डर फैल गया। इस खुलासे के बाद यह भी सामने आया कि जलिस्को की राज्य पुलिस ने शुरुआती छापे के बाद महीनों तक कोई जांच आगे नहीं बढ़ाई थी। अंततः नेशनल गार्ड ने मोर्चा संभाला और 10 लोगों को गिरफ्तार किया।

**17 इंसानों के अवशेष जांच जारी :** इस मामले को लेकर सरकार की काफी आलोचना हुई है। अप्रैल में मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल अलेजांद्रो गेर्ट्ज मानेरो ने कहा फार्म हाउस में किसी प्रकार का शवदाह स्थल नहीं मिला। इस पर कार्यकर्ताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और दावा किया कि उन्होंने वहां से 17 इंसानों के जले हुए अवशेष बरामद की हैं, जो अब फॉरेंसिक टीमों के पास हैं।

# तालिबान नेताओं के खिलाफ आईसीसी ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए

**हेग/काबुल, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने 8 जुलाई को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबातुल्लाह अखुंदजादा और अफगानिस्तान के चीफ जस्टिस अब्दुल हकीम हक्कानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन दोनों पर अफगान महिलाओं, लड़कियों और तालिबान की कठोर जेंडर नीतियों का विरोध करने वालों पर अत्याचार करने का आरोप है। ये वारंट मानवता के खिलाफ अपराधों के तहत जारी किए गए हैं। यह पहली बार है जब आईसीसी ने तालिबान के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ ऐसा कोई कानूनी कदम उठाया है। कोर्ट ने कहा कि





15 अगस्त 2021 से, जब तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता संभाली, तब से लेकर 20 जनवरी 2025 तक महिलाओं और लड़कियों पर कई गंभीर अपराध किए गए। इनमें हत्या, कैद, बलात्कार, यातना और जबरन गायब करना शामिल हैं। ये जुल्म सिर्फ लिंग के आधार पर ही नहीं बल्कि तालिबान विरोधी विचार रखने वालों पर भी हुए।

**आईसीसी बोला- महिलाओं को शिक्षा से वंचित किया :** कोर्ट ने कहा कि तालिबान ने विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं को निशाना बनाया। उन्हें शिक्षा, आवाजाही, निजता और धार्मिक अभिव्यक्ति जैसे बुनियादी अधिकारों से वंचित कर दिया। वारंट के मुताबिक इन महिलाओं और लड़कियों का समर्थन या तालिबान की नीतियों का विरोध करने वाले लोगों को भी भी सजा दी गई। आईसीसी ने साफ किया कि 'जेंडर आधारित उत्पीड़न' केवल हिंसा नहीं, बल्कि सरकारी नीतियों और सामाजिक नियमों के जरिए किया गया वह व्यवस्थित उत्पीड़न भी है। यह महिलाओं को बराबरी से वंचित करता है।

हालांकि, गिरफ्तारी वारंट को फिलहाल सील रखा गया है ताकि पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा बनी रहे, लेकिन कोर्ट ने इसकी जानकारी सार्वजनिक करना जरूरी समझा ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों को रोका जा सके। कोर्ट ने कहा कि यह कार्रवाई आईसीसी के उस उद्देश्य का हिस्सा है, जिसमें कमजोर तबकों के खिलाफ हो रहे गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार हनन को रोका जाए।

**आईसीसी के पास गिरफ्तारी की पावर नहीं :** आईसीसी ने यह वारंट जारी तो कर दिया है, लेकिन उसके पास संदिग्धों की गिरफ्तारी की शक्तियां नहीं हैं। वह सिर्फ उन देशों में अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है, जिन्होंने इस कोर्ट की स्थापना करने वाले समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

**अफगानी महिलाओं के इबादत के वक्त तेज बोलने पर रोक :** तालिबान ने पिछले साल महिलाओं के लिए एक नया फरमान जारी किया था। इसके मुताबिक महिलाओं के लिए तेज आवाज में इबादत करने पर रोक लगा दी गई। तालिबान के मंत्री मोहम्मद खालिद हनाफी ने यह आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कुरान की आयतें इतनी धीमी आवाज में पढ़नी होंगी कि उनके पास मौजूद दूसरी महिलाओं को यह सुनाई न दे। हनाफी ने कहा कि महिलाओं को तकबीर या अजान पढ़ने की इजाजत नहीं है तो फिर वे गाना भी नहीं गा सकतीं और न ही संगीत सुन सकती हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, हनाफी ने कहा- महिलाओं की आवाज औराह होती है, यानी कुछ ऐसा जिसे छिपाना जरूरी है।

# सीबीआई ने आर्थिक अपराधी मोनिका कपूर को अमेरिका से किया गिरफ्तार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सीबीआई ने कथित आर्थिक अपराधी मोनिका कपूर को अमेरिका से हिरासत में ले लिया है। 26 साल से फरार चल रही मोनिका को सीबीआई की टीम बुधवार रात भारत लाएगी। इसे भारतीयों एजेंसियों की एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है।



**अमेरिका से सीबीआई लेकर हुई रवाना :** केंद्रीय एजेंसी अमेरिका से मोनिका कपूर को हिरासत में लेकर एक अमेरिकी एयरलाइंस की फ्लाइट से भारत रवाना हो चुकी है। सीबीआई की इस टीम के बुधवार रात तक भारत पहुंचने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि न्यूयॉर्क स्थित यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट (ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट) ने भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि के तहत उनके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। अमेरिकी विदेश मंत्री ने मोनिका कपूर के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें भारत वापस लाया गया तो उन्हें प्रताड़ित किया जा सकता है, इसलिए उनका प्रत्यर्पण 1998 के विदेश मामलों के सुधार और पुनर्गठन अधिनियम द्वारा लागू किए गए संयुक्त राष्ट्र यातना विरोधी कन्वेंशन का उल्लंघन होगा।

धोखाधड़ी के बाद अमेरिका भाग गई थी मोनिका

मोनिका कपूर 1999 में कथित धोखाधड़ी के बाद अमेरिका भाग गई थी। उस पर आरोप है कि उन्होंने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर ज्वेलरी व्यवसाय के लिए फर्जी दस्तावेज बनाए, जिनका इस्तेमाल भारतीय सरकार से कच्चे माल के शुल्क-मुक्त आयात के लाइसेंस लेने में किया गया। इस कथित धोखाधड़ी से भारतीय राजस्व को 6.79 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 5.7 करोड़ रुपये) से अधिक का नुकसान हुआ था। भारत ने अक्तूबर 2010 में अमेरिका से मोनिका कपूर के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था, जो दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत किया गया था।

**क्या है पूरा मामला? :** मोनिका कपूर दिल्ली की ओवरसीज नाम की फर्म की मालकिन है। सीबीआई का कहना है कि मोनिका ने अपने भाइयों राजन खन्ना और राजीव खन्ना के साथ मिलकर नकली एक्सपोर्ट दस्तावेज, जैसे शिपिंग बिल, चालान (इनवॉइस) और बैंक सर्टिफिकेट बनवाए। इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने सरकार से ड्यूटी-फ्री सोना (गोल्ड) आयात करने के लिए छह लाइसेंस लिए, जिनकी कीमत 2.36 करोड़ रुपये थी। फिर इन लाइसेंसों को उन्होंने गुजरात के दीप एक्सपोर्ट्स नाम की कंपनी को ऊंचे दाम पर बेच दिया। इस कंपनी ने इन लाइसेंसों का इस्तेमाल कर ड्यूटी-फ्री सोना मंगवाया, जिससे सरकार को लगभग 1.44 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

**2004 में चार्जशीट, 2006 में घोषित अपराधी :** सीबीआई ने जांच पूरी होने के बाद 31 मार्च 2004 को मोनिका कपूर और उनके दोनों भाइयों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराएं 120-ब (षड्यंत्र), 420 (धोखाधड़ी), 467, 468 और 471 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद दिल्ली की साकेत कोर्ट ने 20 दिसंबर 2017 को राजन खन्ना और राजीव खन्ना को दोषी करार दे दिया। लेकिन मोनिका कपूर जांच में शामिल नहीं हुई। कोर्ट ने 13 फरवरी 2006 को उन्हें घोषित अपराधी घोषित कर दिया और 2010 में उनके खिलाफ गिरफ्तारी का खुला गैर-जमानती वारंट और रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया।

**अमेरिका से प्रत्यर्पण की बड़ी सफलता :** सीबीआई ने अमेरिका से मोनिका कपूर के प्रत्यर्पण के लिए 19 अक्तूबर 2010 को औपचारिक अनुरोध भेजा था। कई वर्षों की बातचीत और समन्वय के बाद अब अमेरिका ने मोनिका को भारत को सौंप दिया है। सीबीआई की एक टीम अमेरिका जाकर उन्हें हिरासत में लेकर वापस भारत ला रही है।

# विनाशकारी बाढ़ में अब तक 109 मौतें, 160 से अधिक अभी भी लापता, ट्रंप शुक्रवार को दौरा कर सकते हैं

**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिका के न्यू मेक्सिको राज्य में मंगलवार को तेज बारिश के बाद कई इलाकों में अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर रुडोसो नाम के पहाड़ी गांव में दिखा, जहां बहाव इतना तेज था कि कई घर बह गए और कई लोग फंसे रह गए। राहत-बचाव टीमें लगातार काम में जुटी हैं। अमेरिका के मध्य टेक्सास में ग्वाडालूप नदी में आई अचानक बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा कि बाढ़ से 109 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 160 से अधिक लोग लापता हैं।

नेशनल वेदर सर्विस ने रुडोसो और उसके आसपास के इलाकों के लिए फ्लैश फ्लड इमरजेंसी जारी की है। ये वही क्षेत्र है, जहां पिछले साल जंगल में आग लगी थी और हजारों एकड़ जंगल जलकर राख हो गया था। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी मौत की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। कई लोगों को बहते पानी और घरों से सुरक्षित बाहर निकाला गया है, लेकिन अब तक यह साफ नहीं है कि कुल कितने लोग लापता हैं।

**तेज बहाव, उफनती नदी और टूटी सड़कें :** रियो रुडोसो नदी के किनारे बसे इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नदी का जलस्तर मंगलवार दोपहर 3 बजे करीब डेढ़ फीट था, जो एक घंटे से भी कम समय में 20 फीट तक पहुंच गया। इसके बाद पानी का स्तर धीरे-धीरे गिरने लगा, लेकिन तब तक कई घर बह चुके थे और सड़कों पर आवाजाही रुक गई थी। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी कर कहा- रुडोसो में खतरा बना हुआ है। फ्लैश फ्लड इमरजेंसी जारी है। तुरंत ऊंचाई वाले स्थानों की ओर जाएं। पानी में गाड़ी न चलाएं, बहाव आपकी गाड़ी को बहा ले जाएगा। टेक्सास राज्य में 4 जुलाई को वीकेंड पर आई अचानक बाढ़ घर और कैंप डूबने से अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। राहत-बचाव दल लगातार लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। यहां से अब तक 87 शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें 56 वयस्क और 30 बच्चे शामिल हैं। कुछ शवों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।



**अब भी बाढ़ पीड़ितों की तलाश कर रहे अधिकारी :** सरकारी अधिकारी अब भी बाढ़ के पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। इस बीच, यह सवाल भी उठ रहा है कि बाढ़ से पहले मौसम की चेतावनी किसने दी और कब दी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं और कह रहे हैं कि अभी सबसे जरूरी काम लोगों को बचाना है।

**केर काउंटी में अब तक 87 शव मिल चुके :** केर काउंटी, जहां सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, वहां अब तक 87 लोगों के शव मिल चुके हैं। लेकिन अफसर कह रहे हैं कि उनकी पहली प्राथमिकता लापता लोगों को ढूंढना है, न कि यह जांच करना कि बाढ़ से पहले क्या-क्या हुआ। टेक्सास गेम वार्डन के लेफ्टिनेंट कर्नल बेन बेकर ने कहा, हम अभी लोगों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाने पर ध्यान दे रहे हैं।

**केर काउंटी में पिछले चार दिनों ने कोई जिंदा नहीं मिला :** जीवित बचे लोगों को खोजने की उम्मीद लगातार कम होती जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि केर काउंटी में बाढ़ के बाद पिछले चार दिनों से कोई भी जिंदा नहीं मिला है।

**शुक्रवार को टेक्सास का दौरा करेंगे राष्ट्रपति ट्रंप :** टेक्सास के गवर्नर एबॉट ने मंगलवार को कैंप मिस्टिक का एक और दौरा करने की योजना बनाई है। यह एक सौ साल पुराना ऑल-गर्ल्स क्रिश्चियन समर कैंप है, जहां केवल लड़कियां आती हैं। बाढ़ के दौरान वहां 27 लड़कियों और स्टाफ की मौत हो गई थी। अभी भी पांच लड़कियां और एक स्टाफ सदस्य लापता हैं। वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को टेक्सास का दौरा करेंगे। उन्होंने इस बाढ़ को एक अभूतपूर्व घटना बताया है।

अधिकारियों की चेतावनी के बाद भी बचाव कार्य में जुटे स्वयंसेवक

टेक्सास हिल कंट्री में 4 जुलाई की छुट्टियों के दौरान आई अचानक बाढ़ ने तबाही मचा दी। इस भीषण आपदा के बाद राज्य के इतिहास के सबसे बड़े बचाव अभियानों में से एक की शुरुआत हुई। सोमवार तड़के, जब जस्टिन रुबियो ने जोरदार गरज, मोबाइल अलर्ट, सायरन और हेलिकॉप्टर की आवाज सुनी तो वह जाग गए और उन्होंने तय किया कि वह भी राहत कार्यों का हिस्सा बनेंगे। हालांकि, केर काउंटी प्रशासन ने नागरिकों से बचाव कार्यों में शामिल न होने की अपील की थी, लेकिन जस्टिन जैसे दर्जनों स्थानीय लोग लापता लोगों की तलाश में निकल पड़े। सरकारी रोक के बावजूद आम लोग मानवीय भावना से प्रेरित होकर खतरे के बीच फंसे लोगों की मदद कर रहे हैं। प्रशासन की कोशिशों के साथ अब आम नागरिकों का भी साथ इस अभियान को और मजबूत बना रहा है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 सीरीज पर जमाया कब्जा, इंग्लैंड में रचा इतिहास

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ उन्हीं के घर में दो या उससे अधिक मुकाबलों की टी20 सीरीज अपने नाम की है।

भारत ने इंग्लैंड में पहली बार साल 2006 में टी20 क्रिकेट खेला था। इस दौरान सिर्फ एक ही टी20 मैच खेला गया, जिसमें भारत ने आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत-इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज का यह मुकाबला मैनचेस्टर में खेला गया, जिसमें इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।

इंग्लैंड को अपना ही निर्णय भारी पड़ गया। टीम ने 21 के स्कोर पर डेनियल व्याट-हॉज (5) का विकेट खो दिया। इसके बाद टीम ने निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाए। मेजबान टीम निर्धारित ओवरों तक सात विकेट खोकर महज 126 रन बना सकी। इस टीम के लिए सोफिया डंकले ने 19 गेंदों में सर्वाधिक 22 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान टैमी ब्यूमोंट ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए। भारत की ओर से श्री चरणी और राधा यादव को दो-दो विकेट हाथ लगे, जबकि अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। इसके जवाब में भारतीय टीम ने तीन ओवर शेष रहते मुकाबला जीत लिया। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के बीच सात ओवरों में 56 रन की साझेदारी हुई। शेफाली ने 19 गेंदों में 31 रन बनाए, जबकि मंधाना ने 31 गेंदों में 32 रन टीम के खाते में जोड़े। भारत 69 के स्कोर तक अपनी सलामी जोड़ी गंवा चुका था। यहां से जेमिमा रोड्रिगेज ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन जोड़कर टीम को जीत की दहलीज पर ला दिया। हरमनप्रीत कौर ने 25 गेंदों में 26 रन की पारी खेली, जिसमें तीन चौके शामिल रहे, जबकि जेमिमा ने 22 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से चार्लोट डीन, सोफी एक्लेस्टोन और ईसी वोंग ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। भारत पांच मुकाबलों की सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना चुका है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 12 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा।



# लॉर्ड्स टेस्ट की शुरुआत में सचिन तेंदुलकर ने पांच मिनट तक बजाई 'ऐतिहासिक घंटी'



**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से लॉर्ड्स में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट की शुरुआत हुई। सचिन तेंदुलकर ने लॉर्ड्स टेस्ट की शुरुआत से पहले पांच मिनट तक प्रतिष्ठित घंटी बजाई।

सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद दर्शकों को नमस्ते करने और फिर उनका अभिवादन स्वीकार करने के बाद पांच मिनट तक घंटी बजाई। इसके बाद सचिन तेंदुलकर ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ बातचीत करते नजर आए।

लॉर्ड्स में किसी भी टेस्ट से पहले घंटी बजाने की परंपरा 2007 से शुरू हुई थी। सचिन से पहले सुनील गावस्कर, सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गज भारतीय इस परंपरा को निभा चुके हैं। मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा था कि तेंदुलकर लॉर्ड्स में पहली बार उसी दिन घंटी बजाएंगे, जिस दिन एमसीसी संग्रहालय में कलाकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट द्वारा बनाए गए उनके चित्र अनावरण किया जाएगा। इसके बाद संस्था ने कहा कि ब्रिटिश कलाकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट द्वारा बनाया गया तेंदुलकर का चित्र संग्रहालय में ही रहेगा और इस साल के अंत में उसे पवेलियन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। साल 2013 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले तेंदुलकर को सर्वकालिक महानतम बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। मुंबई के इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने तीनों प्रारूपों में 34,357 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक लगाने वाले वह एकमात्र बल्लेबाज हैं। लॉर्ड्स टेस्ट की बात करें तो दोनों ही टीमें गेंदबाजी में बड़े बदलाव के साथ उतरी हैं। इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। आर्चर ने चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की है। इंग्लैंड ने जोश टंग को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा है।

# वैभव से मिलने 6 घंटे गाड़ी चलाकर पहुंचीं दो किशोरियां

**लंदन (एजेंसी)।** आजकल इंग्लैंड में अंडर-10 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे भारतीय अंडर-19 टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी छाये हुए हैं। वैभव के प्रशंसकों की तादाद लगातार बढ़ रही है। 14 साल के वैभव आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद से ही सभी की नजरों में आये हैं। इस उभरते क्रिकेटर की आक्रामक बल्लेबाजी शैली से प्रभावित दो लड़कियां 6 घंटे गाड़ी चलाकर उससे मिलने पहुंची।




अन्या और रीवा नाम की दो किशोरियां इस इस क्रिकेट स्टार से मिलने के लिए वॉर्सेस्टर तक छह घंटे गाड़ी चलाकर पहुंचीं। राजस्थान रॉयल्स की जर्सी पहने और उत्साह से भरी इन लड़कियों का सपना तब पूरा हुआ जब वैभव ने इनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। राजस्थान रॉयल्स ने इससे सोशल मीडिया में भी साझा किया है। साथ ही लिखा, सबूत है कि हमारे पास सबसे अच्छे प्रशंसक क्यों हैं। वॉर्सेस्टर तक 6 घंटे गाड़ी चलाई। अपनी गुलाबी जर्सी पहनी। वैभव और टीम इंडिया का उत्साहवर्धन किया। आन्या और रीवा के लिए यह दिन यादगार रहा।

वैभव ने आईपीएल 2025 के दौरान गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में ही शतक लगा दिया था। वह पुरुषों के टी20 इतिहास में सबसे कम उम्र के शतक लगाने वाले और आईपीएल का दूसरा सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड में उन्होंने 5 एकदिवसीय मैचों में 355 रन बनाए जिसमें 143 रनों की आक्रामक पारी भी शामिल है।

# लॉर्ड्स टेस्टः लंच तक इंग्लैंड के 83/2, एक ही ओवर में रेड्डी ने इंग्लैंड को दिए दो झटके

**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट गुरुवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और लंच तक दो विकेट के नुकसान पर 83 रन बना लिए। ओली पोप 12 और जो रूट 24 रन बनाकर नाबाद हैं।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 43 के स्कोर पर बेन डकेट के रूप में लगा। वह 23 रन बनाकर आउट हुए। जैक क्रॉले की असफलता का दौर जारी रहा। वह दूसरे विकेट के रूप में 18 रन बनाकर आउट हुए। तब टीम का स्कोर 44 था। इंग्लैंड को दोनों झटके पारी के 14वें ओवर में नितीश कुमार रेड्डी ने दिए।

इसके बाद ओली पोप और जो रूट ने सावधानी से बल्लेबाजी की और लंच तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दोनों के बीच 39 रन की साझेदारी हो चुकी है। पोप 34 गेंद में 12 और रूट 34 गेंद में 24 रन बनाकर खेल रहे हैं।

ये दोनों बल्लेबाज दूसरे सेशन में कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस पर इंग्लैंड की पारी काफी हद तक निर्भर करेगी। अगर इनका विकेट गिरता है, तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी होगा। अगर ये आउट नहीं हुए, तो इंग्लैंड बड़ा स्कोर बना सकती है। दोनों टीमें मैच में बड़े बदलाव के साथ उतरी हैं। भारत ने प्रसिद्ध कृष्णा की जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम में जगह दी है। उन्हें पिछले टेस्ट में वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया था।

हालांकि बुमराह पहले सेशन में अपना प्रभाव छोड़ने में सफल नहीं रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने उन्हें सावधानी से खेला और कोई भी विकेट उन्हें नहीं दिया है। इंग्लैंड टीम ने भी एक बदलाव किया है। चार साल बाद जोफ्रा आर्चर टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्हें जोश यंग की जगह टीम में मौका दिया गया है।




# एमसीसी संग्रहालय में सचिन की तस्वीर का अनावरण हुआ



लंदन (ईएमएस)। यहां लॉर्ड्स स्थित एमसीसी संग्रहालय में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की नई तस्वीर का अनावरण हुआ। ब्रिटिश कलाकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट द्वारा बनाई गई इस तस्वीर में तेंदुलकर की विशाल छवि को दिखाय गया है और यह इस वर्ष के अंत में मंडप में स्थानांतरित किए जाने से पहले संग्रहालय में रहेगी। इसी को लेकर एमसीसी की संग्रह एवं कार्यक्रम प्रबंधक चार्लोट गुडह्यू ने कहा, सचिन तेंदुलकर जैसे व्यक्तित्व की तस्वीर को संग्रहालय में शामिल करना विशेष बात है। एमसीसी की संग्रहित तस्वीर में यह किसी भारतीय खिलाड़ी की पांचवीं और पियर्सन राइट द्वारा बनायी चौथी तस्वीर है। यहां तेंदुलकर से पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलीप वेंगसरकर की तस्वीरें उन्होंने बनायी हैं। कपिल देव, बिशन बेदी और दिलीप वेंगसरकर की आदमकद तस्वीरों के विपरीत सचिन की तस्वीर सिर्फ उनकी छाती तक है। यह पेंटिंग 18 साल पहले मुंबई में तेंदुलकर के घर पर ली गई एक तस्वीर पर आधारित है।

# ऋषभ बन सकते हैं टेस्ट में सबसे अधिक छक्के मारने वाले बल्लेबाज



लॉर्ड्स। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में सबसे अधिक छक्के मारने का रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। ऋषभ ने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाये थे, जबकि दूसरे मैच में भी उन्होंने एक अर्धशतक लगाया था, इस दौरान उन्होंने काफी छक्के लगाये थे। ऐस में अब उन्हें भारतीय टीम की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के लिए केवल पांच छक्के चाहिये। अगर वह सीरीज के बाकी बचे तीन मैचों में पांच छक्के लगाने में सफल होते हैं तो इस प्रारुप में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। अभी वह टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। सबसे अधिक छक्के लगाने में ऋषभ पंत से पहले रोहित शर्मा और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं। सहवाग ने अपने करियर में 90 छक्के लगाये हैं जबकि रोहित के नाम 88 छक्के हैं जबकि ऋषभ पंत के नाम केवल 45 मैचों में ही 86 छक्के हैं। अगर वे 5 छक्के और लगा देते हैं तो भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। विश्व के के सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले शीर्ष 5 बल्लेबाजों में शामिल होने के लिए ऋषभ को केवल 13 छक्के ही चाहिये। इस सीरीज में इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अब तक चार पारियों में 13 छक्के लगाये हैं।

# फीफा रैंकिंग में भारत 133वें स्थान पर, नौ साल में सबसे खराब रैंकिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम जून में मिली दो हार से गुरुवार को जारी फीफा रैंकिंग में छह पायदान की गिरावट से 133वें स्थान पर खिसक गई। भारत चार जून को एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में थाईलैंड (0-2) से हार गया और फिर एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में उसे निचली रैंकिंग वाली हांगकांग (0-1) से भी पराजय झेलनी पड़ी।


इसके बाद मुख्य कोच मनोलो मारकेज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से नाता तोड़ लिया। इससे पहले पिछली बार भारतीय टीम की सबसे खराब रैंकिंग दिसंबर 2016 में थी जब वह 135वें स्थान पर थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग फरवरी 1996 में 94 थी। भारतीय टीम के अभी 1113.22 रेटिंग अंक हैं जबकि पहले उसके 1132.03 अंक थे। वह 46 एशियाई देशों में 24वें स्थान पर है जिसमें जापान (17वीं रैंकिंग) सबसे आगे है।



भारतीय पुरुष टीम के लिए कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। हांगकांग के खिलाफ हार ने टीम की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की मुहिम को मुश्किल में डाल दिया है। मारकेज के मार्गदर्शन में टीम ने अपने पिछले आठ में से सिर्फ एक मैच में जीत दर्ज की और उसे यह जीत मार्च में मालदीव के खिलाफ मिली थी। इस सल भारत ने अभी तक चार मैच खेले हैं जिसमें से उसे एक में जीत मिली है जबकि दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच ड्रॉ रहा।

इन खराब नतीजों के कारण पूर्व कप्तान और स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री की टीम में संन्यास से वापसी हुई लेकिन इससे टीम की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ। भारत का अगला अंतराष्ट्रीय मैच अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ है जो एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर का मुकाबला है। विश्व चैंपियन अर्जेंटीना 210 देशों की सूची में सबसे आगे है। इसके बाद शीर्ष 10 में स्पेन, फ्रांस, इंग्लैंड, ब्राजील, पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम, जर्मनी और क्रोएशिया शामिल हैं।

# नोवाक जोकोविच 14वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में, विश्व नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा मुकाबला



लंदन। नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पुरुष एकल में रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। सात बार के विंबलडन चैंपियन ने 23 साल के कोबोली के खिलाफ अपने अनुभव का अच?छा प्रदर्शन किया। पहले गेम में शिकस्त झेलने के बावजूद जोकोविक ने हिम्?मत नहीं हारी और कोर्ट पर अपनी शैली का प्रदर्शन करते हुए युवा खिलाड़ी को मात दी। इससे पहले तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने शानदार सर्विस और तेज फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच को सिनर से पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा लेकिन विंबलडन में उन्होंने इटली के इस खिलाड़ी के खिलाफ जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने जीत हासिल की है। जोकोविच ने कहा, ''मैं इस बात को अच्छी तरह से जानता हूं कि इस समय यानिक को हराने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।' इस बीच महिला एकल में इगा स्वियाटेक ने 19वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा पर 6-2, 7-5 से जीत के साथ पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियाटेक फाइनल में जगह बनाने के लिए गैर-वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच से भिड़ेंगी जिन्होंने सातवीं वरीय मीरा एंड्रीवा को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराया।

# अगले माह श्रीलंकाई दौरे में खेलते नजर आ सकते हैं विराट और रोहित



नई दिल्ली। रोहित शर्मा और विराट कोहली अगले माह एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज खेलते हुए नजर आ सकते हैं। भारतीय टीम के अगले माह श्रीलंका दौरे पर जाने की संभावना है। इसी दौर पर विराट और रोहित को खेलते हुए प्रशंसक देख सकते है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई) से एक छोटी ही सीमित ओवरों की सीरीज खेलने का अनुरोध किया है। जिसपर बीसीसीआई विचार कर रहा है। भारतीय टीम को अगले महीने अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करना था पर वहां के हालात ठीक नहीं होने से ये दौरा रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई से उसके वहां दौरे की पेशकश की थी। वहीं बीसीसीआई ने अब तक इस पर प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है प अगर ये सीरीज होती है तो प्रशंसक रोहित और विराट को खेलते हुए देख सकते हैं। दोनों ने ही टी-20 और टेस्ट फॉर्मेट से सन्यास ले लिया है और केवल एकदिवसीय क्रिकेट ही खेलते हैं। श्रीलंका ने तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैचों का कार्यक्रम बनाकर बीसीसीआई को भेजा है। भारतीय टीम इसी दौरान तीन मैच बांग्लादेश जाकर खेलने वाली थी। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरे की संभावना काफी हद तक एशिया कप पर लिए जाने वाले फैसले पर आधारित रहेगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया इस सप्ताह लंदन में लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान उपस्थित रहेंगे और वहीं खिलाड़ियों, मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से बात करने के बाद ही कोई फैसला लेंगे। एशिया कप को लेकर फैसला अगले दो-तीन दिनों में आने की संभावना है।

# श्रेयंका और साधु ऑस्ट्रेलिया दौर के लिए भारत ए टीम में, राधा करेंगी टीम की अगुआई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए बृहस्पतिवार को भारत ए महिला टीम में चुना गया। चोटों से वापसी करने वाली इन दोनों खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई दौरे की टीम में शामिल किया गया जो सात से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही वनडे और चार दिवसीय एक मैच खेलेगी।

श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से चोट के कारण नहीं खेल पा रही थीं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही चुन लिया है। वहीं साधु श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में नहीं खेली थीं और चोट के कारण अप्रैल में इंग्लैंड के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे के लिए भी टीम में नहीं थीं।




श्रेयंका का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में खेलना बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगा जबकि साधु को मंजूरी मिल गई है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय, एकदिवसीय और चार दिवसीय मुकाबले में टीम की कप्तानी करेंगी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को भी सभी टीमों में शामिल किया गया है। इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज का इंग्लैंड दौरा काफी निराशाजनक रहा है क्योंकि उन्होंने अब तक चार मैच में केवल 101 रन बनाए हैं और उनका उच्चतम स्कोर 47 रन है।

### भारत की टी20 टीम

राधा यादव (कप्तान), मीनू मणि (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, डी वृंदा, सजना सजीवन, उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिष्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

### वनडे और चार दिवसीय टीम

राधा यादव (कप्तान), मीनू मणि (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, तेजल हसबनिस, राघवी बिष्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), धारा गुज्जर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

### भारत ए बनाम ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम

पहला टी20 मैचः 7 अगस्त (मैके)
दूसरा टी20 मैचः 9 अगस्त (मैके)
तीसरा टी20 मैचः 10 अगस्त (मैके)
पहला वनडे मैच : 13 अगस्त (ब्रिसबेन)
दूसरा वनडे मैचः 15 अगस्त (ब्रिसबेन)
तीसरा वनडे मैच : 17 अगस्त (ब्रिसबेन)
चार दिवसीय मैच : 21-24 अगस्त (एलन बॉर्डर फील्ड)

# शाहीन ने बुमराह को वर्तमान समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बताया

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने भारत के जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अभी विश्व के शीर्ष गेंदबाज हैं। शाहीन का एक वीडियो भी आया है जिससें उन्होंने बुमराह को 10 में से 10 नंबर दिये। जब उनसे पूछा जाता है कि बुमराह को 10 में से कितने अंक देंगे तो उनका जवाब था 10 नंबर। साथ ही कहा, वह वर्तमान समय के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। स्विंग, सटीकता, अनुभव के मामले में वह सबसे आगे हैं। इस गेंदबाज ने तीनों ही प्रारुपों में अबतक जबरदस्त प्रदर्शन किया है। उन्होंने 46 टेस्ट मैच में 210 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 14 बार 5 विकेट लिए हैं। वहीं 89 एकदिवसीय में उनके नाम 149 विकेट हैं। बुमराह ने 70 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 89 विकेट लिए हैं। बुमराह ने हैडिंग्ले के पहले टेस्ट मैच में 5 विकेट लिए थे। साल 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी 5 टेस्ट मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 32 विकेट लिए थे। साल 2024 में उन्होंने अंतरराष्ट्री क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। उन्हें पिछले साल आईसीसी ने क्रिकेटर ऑफ द ईयर और टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया है हालांकि बार-बार चोटिल होने के कारण वह लगातार नहीं खेल पाते हैं।





## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 85.70 पर बंद हुआ। रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 17 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.56 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये ने उतार-चढ़ाव के बाद सीमित दायरे में कारोबार किया। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता में मामूली प्रगति और भारतीय निर्यातों पर शुल्क की समय सीमा बढ़ाए जाने से बाजारों को अल्पकालिक राहत मिली है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.62 पर खुला। फिर 85.56 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.73 पर स्थिर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 97.37 पर आ गया।

## जुलाई में गिरावट की चपेट में टाटा ग्रुप के कई शेयर

**नई दिल्ली।**

जुलाई 2025 की शुरुआत टाटा ग्रुप के लिए ठीक नहीं रही है। समूह की कई प्रमुख कंपनियों के शेयर गिरावट में हैं। टीरेंट का स्टॉक इस महीने अब तक 13 फीसदी गिर चुका है, वहीं टाइटन में लगभग 7 फीसदी की गिरावट आई है। इन दोनों कंपनियों के कमजोर तिमाही संकेत और प्रबंधन की सतर्क टिप्पणियों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। टाटा मोटर्स ने`` वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में जेएलआर समेत ग्लोबल सेल्स में 9 फीसदी की गिरावट दर्ज की। साथ ही जेएलआर ने` वित्त वर्ष 26 के लिए अपने मार्जिन अनुमान घटाए हैं, जिससे शेयर पर दबाव बढ़ा है। टाटा पावर को 490 मिलियन डॉलर के हर्जाने के आदेश से झटका लगा है, जिससे शेयर कमजोर हुआ है। वहीं बाजार की नजरें टीसीएस पर थीं, कंपनी ने अनुमान से बेहतर प्रदर्शन किया है, मुनाफा 8.7 फीसदी बढ़कर 12,040 करोड़ और राजस्व 5.4 फीसदी बढ़कर 62,613 करोड़ रहा। इससे स्टॉक में तेजी देखी गई।

## रेनो 14 का नया कलर वेरिएंट सन एंड मूनलाइट लॉन्च

**नई दिल्ली।**

चीन में ओप्पो कंपनी ने अपने लोकप्रिय स्मार्टफोन रेनो 14 का नया कलर वेरिएंट सन एंड मूनलाइट लॉन्च कर दिया है। कंपनी के अनुसार, फोन का बैक पैनल -15 डिग्री तापमान में वाइब्रेंट ऑरेंज और 70 डिग्री तापमान में सिल्वर रंग में बदल जाता है। ट्रांजिशन के दौरान दोनों रंग एक साथ दिखाई देते हैं, जिससे फोन का लुक बेहद आकर्षक हो जाता है। यह बदलाव पूरी तरह ऑटोमैटिक होता है और वातावरण पर निर्भर करता है। ओप्पो ने इस नए वेरिएंट की कीमत चीन में 2,699 युआन (लगभग रुपए 32,200) तय की है। हालांकि, कंपनी ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह वेरिएंट ग्लोबल मार्केट में भी उपलब्ध कराया जाएगा या नहीं। ओप्पो रेनो 14 के फीचर्स की बात करें तो इसमें 6.59 इंच का फ्लैट नैरो-बेजल डिस्प्ले दिया गया है। यह स्मार्टफोन डाइमेंसिटी 8350 चिपसेट से लैस है और एंड्राएड 15 बेस्ड कलरओएस 15 पर काम करता है। फोन में 6000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो 80 वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। फोटोग्राफी के लिए फोन में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है, जिसमें 50 मेगापिक्सल का मेन लेंस, 50 मेगापिक्सल का पेरिस्कोप टेलिफोटो लेंस और 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाइड सेंसर शामिल है। यह डिवाइस आईपी66/68/69 रेटिंग के साथ वॉटर और डस्ट रेजिस्टेंस भी प्रदान करता है। यह खास वेरिएंट हीट-रिएक्टिव बैक पैनल के साथ आता है, जो तापमान के आधार पर रंग बदलता है। इसकी बिक्री 11 जुलाई से शुरू होगी।

# दिग्गज ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने निफ्टी के लिए 30,000 का टारगेट तय किया

**मुंबई।**

दिग्गज ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने गुरुवार को निफ्टी के लिए 30,000 का टारगेट तय कर दिया और कहा कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही से भारतीय कॉरपोरेट्स की आय में रिकवरी शुरू हो जाएगी, जिसका इंतजार लंबे समय से हो रहा है। ब्रोकरेज फर्म की ओर से जारी की गई इंडिया इक्विटी स्ट्रेटजी रिपोर्ट में कहा गया कि अगले छह से नौ महीनों में बुल केस में निफ्टी 30,000 के लक्ष्य तक पहुंच सकता है।

वहीं, बेस केस के लिए लक्ष्य 26,500 दिया।इसके अलावा ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने कहा, हमारा मानना है कि यह तिमाही आय में सुधार के लिए आधार तैयार करेगी, जो निम्न आधार और आर्थिक गति में पुनरुद्धार से प्रेरित होगी।

ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक हेल्थकेयर का प्रदर्शन इस तिमाही में सबसे बेहतर रहा है। वित्त वर्ष 26 की अप्रैल-जून अवधि में हमारे द्वारा कवर होने वाली कंपनियों की आय वृद्धि दर 15 प्रतिशत और ईबीआईटीडीए वृद्धि दर 19 प्रतिशत रह सकती है। इसकी वजह क्षमता विस्तार, अधिक टैरिफ और निम्न आधार होना है।

इसके अलावा ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि निजी जीवन बीमा कंपनियों द्वारा सालाना आधार पर 8 प्रतिशत से अधिक की वीएनबी (वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस) वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसका मुख्य कारण अधिक बिक्री होना है।

ब्रोकरेज फर्म के अनुसार, सीमेंट कंपनियों से स्थिर आय की उम्मीद है, इसकी वजह कीमतों में बढ़ोतरी होना है।

तिमाही-दर-तिमाही आधार पर बिक्री कमजोर हो सकती है, लेकिन कीमतों में बढ़ोतरी से ईबीआईटीडीए/टन चौथी तिमाही के दायरे में रहेगा।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जल्द होगी नई वार्ता

**नई दिल्ली।**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर एक और दौर की बातचीत जल्द शुरू होने वाली है। वाणिज्य मंत्रालय का एक उच्चस्तरीय दल मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में अगले सप्ताह वॉशिंगटन की यात्रा कर सकता है। इस दौरान समझौते के अंतरिम और पहले चरण पर चर्चा होगी। अधिकारियों के अनुसार यात्रा की तारीखें अभी तय नहीं हैं, लेकिन यह वार्ता समय की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 26 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को 1 अगस्त तक के लिए टाल दिया है। राजेश अग्रवाल हाल ही में इसी मुद्दे पर चर्चा के बाद वॉशिंगटन से लौटे हैं। यह वार्ता दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और शुल्कों में राहत दिलाने की दिशा में एक अहम मानी जा रही है।

## रूस में मजदूरों की कमी, भारत से 10 लाख श्रमिक बुलाने की तैयारी

**मेटल फैक्ट्रियों, मशीन निर्माण इकाइयों और कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स में श्र मिकों की जरुरत**

**नई दिल्ली।**

रूस इस समय गंभीर श्रमिक संकट का सामना कर रहा है। यूक्रेन युद्ध के चलते लाखों रूसी युवा सेना में भर्ती हो चुके हैं, जिससे निर्माण और औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की भारी कमी हो गई है। इस कमी को पूरा करने के लिए रूस ने भारत की ओर रुख किया है। रूसी योजना के अनुसार, वर्ष 2025 के अंत तक भारत से करीब 10 लाख श्रमिकों को बुलाया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस की बड़ी कंपनियां चाहती हैं कि भारतीय मजदूर उनकी मेटल फैक्ट्रियों, मशीन निर्माण इकाइयों और कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स में काम करें। ये कार्य शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन इनकी मजदूरी अच्छी होगी। रूस, भारतीय श्रमिकों के लिए वीजा और दस्तावेजी प्रक्रिया को आसान बनाने हेतु भारत में एक नई व्यवस्था तैयार कर रहा है, ताकि मजदूर बिना ज्यादा परेशानी के वहां काम करने जा सकें। हालांकि, भारतीय मजदूरों के सामने कुछ चुनौतियाँ भी होंगी। रूस की सर्दियाँ बेहद कठोर होती हैं, जहां तापमान -15 से -20 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। इसके अलावा, भाषा, संस्कृति और खानपान में भी बड़ा अंतर है। फिर भी रूसी कंपनियों का कहना है कि वे भारतीय श्रमिकों को गर्म कपड़े, उचित आवास और भोजन की पूरी सुविधा देंगी। इस योजना से भारत में बेरोजगारी कम होने की संभावना है, लेकिन साथ ही यह जरूरी होगा कि भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा, अधिकार और शोषण से रक्षा सुनिश्चित की जाए।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 346 और निफ्टी 121 अंक गिरा**

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 345.80 अंकों की गिरावट के साथ ही 83,190.28 अंकों पर बंद हुआ।

इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 120.85 अंक फिसलकर 25,355.25 अंकों पर बंद हुआ। आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी से हुई पर कुछ समय बाद ही बिकवाली के कारण इसमें गिरावट आने लगी।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। वहीं केवल 8 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ बंद हुए। इसी प्रकार निफ्टी की 50 में से केवल 12 कंपनियों के शेयर ही बढ़कर बंद हुए जबकि 38 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 1.36 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए जबकि भारती एयरटेल के शेयर 2.63 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज टाटा स्टील के शेयर 1.01 फीसदी, बजाज फाइनेंस 0.69 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.66 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.41 फीसदी, टीसीएस 0.38 फीसदी, ट्रेंट 0.24 फीसदीबढ़त के साथ बंद हुए।

सरी तरफ एशियन पेंट्स के शेयर 1.92 फीसदी, बीईएल 1.05फीसदी , टेक महिंद्रा 0.94 फीसदी, इंफोसिस 0.82फीसदी, एचसीएल टेक 0.74 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.67 फीसदी,




आईटीसी 0.66 फीसदी, एनटीपीसी 0.64 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.63 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.60 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.55 फीसदी , महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.51 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.43 फीसदी, की गिरावट के साथ बंद हुए।

इससे पहले आज सुबह बाजार की लाल निशान के साथ ही शुरुआत हुई पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों और जून तिमाही के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे थे। सुबह सेंसेक्स 122 अंक की बढ़त लेकर 83,658.20 पर खुला। हालांकि, कुछ ही देर में यह लाल निशान में फिसलकर 51.59 अंक की गिरावट लेकर 83,484.49 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी बढ़त के साथ हरे निशान पर खुला पर कुछ समय बाद ही यह लाल निशान में फिसल गया जो 20.15 अंक की गिरावट के साथ 25,455.95 पर कारोबार कर रहा था। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.39 फीसदी और टोपिक्स 0.48 फीसदी नीचे रहे।

# सोना 96,600 के पार, चांदी भी लगभग 1.07 लाख रुपए प्रतिकिलो

**नई दिल्ली।**

स्थानीय बाजार में गुरुवार के कारोबारी` दिन सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। घरेलू बाजार में सोने के भाव 96,600 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,07,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी गिरावट के साथ खुलने के बाद सुधर गई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 87 रुपये की तेजी के साथ 96,548 रुपये के भाव पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 96,461 रुपये था। ` फिलहाल यह 164 रुपये की तेजी के साथ 96,625 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 55 रुपये की तेजी के साथ 1,07,320 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,07,265 रुपये था।` फिलहाल यह 190




रुपये की तेजी के साथ 1,07,455 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,322.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 3,321 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.60 डॉलर की तेजी के साथ 3,326.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## आसियान के साथ व्यापार समझौते की समीक्षा वार्ता में तेजी के प्रयास- गोयल


**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा को लेकर बातचीत जारी है और भारत चाहता है कि यह प्रक्रिया तेज़ हो। यह बात उन्होंने मलेशिया के निवेश, व्यापार एवं उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ एक बैठक के बाद कही। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि मलेशिया, जो आसियान में भारत का स्थायी समन्वयक है, के साथ व्यापार और निवेश के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते की वर्तमान समीक्षा प्रक्रिया और उससे जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। गोयल ने कहा कि भारत आसियान सदस्य देशों के साथ निष्पक्ष व्यापार और संतुलित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए त्वरित बातचीत की अपेक्षा करता है। इसके साथ ही, भारत और मलेशिया के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को भी आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे और यह जनवरी 2010 से लागू हुआ। अगस्त 2023 में भारत और आसियान ने तय किया था कि 2025 तक समझौते की पूरी समीक्षा की जाएगी। लेकिन अब तक वार्ता धीमी गति से चल रही है। भारतीय उद्योग जगत लंबे समय से इस समझौते की समीक्षा की मांग करता रहा है ताकि व्यापार में असंतुलन दूर हो और समझौता अधिक लाभकारी और टिकाऊ बन सके।

# एलपीजी पर नुकसान की भरपाई को लेकर तेल कंपनियों को मिलेगी सब्सिडी

**30,000 से 35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने पर विचार कर रही**

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की लागत से कम कीमत पर बिक्री की वजह से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को 30,000 से 35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार वित्त मंत्रालय वर्तमान में वास्तविक घाटे का आकलन कर रहा है और इसकी भरपाई के लिए तंत्र विकसित किया जा रहा है। हालांकि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में एलपीजी सब्सिडी के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है, लेकिन सरकार ने अप्रैल 2025 में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर करीब 32,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व जुटाया है। संभावना है कि इसी अतिरिक्त राजस्व से तेल कंपनियों को हुए घाटे की भरपाई की जाएगी। घरेलू एलपीजी की कीमतें अंतरराष्ट्रीय मानक सऊदी सीपी की तुलना में काफी कम रखी जाती हैं ताकि आम जनता को राहत मिल सके। चूंकि देश में एलपीजी का उत्पादन स्थानीय मांग के अनुरूप नहीं है, इसलिए आयात पर निर्भरता बनी हुई है। इससे तेल कंपनियों को नुकसान होता है।



अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में इन्हें एलपीजी बिक्री से लगभग 40,500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सरकार द्वारा नुकसान की भरपाई के बाद, कंपनियां इस राशि का उपयोग पूंजीगत व्यय सहित अन्य जरूरतों में कर सकेंगी।

# अमेरिका इराक, फिलीपींस समेत 6 देशों पर 30 फीसदी तक टैरिफ लगाएगा

**टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे**

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सात माइनर ट्रेडिंग पार्टनर्स देशों पर नया टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इस बीच, यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते की बातचीत भी अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी दी कि- फिलीपींस से आने वाले सामान पर 20 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। श्रीलंका, अल्जीरिया, इराक और लीबिया से आयात पर 30 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। ब्रुनेई और मोल्दोवा से आने वाले सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। हालांकि यूरोपीय संघ को लेकर कोई नया पत्र नहीं जारी किया गया है, लेकिन ट्रंप ने इससे पहले कहा था कि वह बुधवार को कम से कम सात टैरिफ नोटिस जारी करेंगे और दोपहर में और भी नोटिस भेजे जाएंगे। इससे पहले इस हफ्ते ट्रंप ने दक्षिण कोरिया और जापान जैसे बड़े सप्लायर्स पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। ये भी 1 अगस्त से लागू होंगे, अगर तब तक कोई समझौता नहीं होता है।

## आसियान के साथ व्यापार समझौते की समीक्षा वार्ता में तेजी के प्रयास : गोयल




**नई दिल्ली।**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा को लेकर बातचीत जारी है और भारत चाहता है कि यह प्रक्रिया तेज़ हो। यह बात उन्होंने मलेशिया के निवेश, व्यापार एवं उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ एक बैठक के बाद कही। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि मलेशिया, जो आसियान में भारत का स्थायी समन्वयक है, के साथ व्यापार और निवेश के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते की वर्तमान समीक्षा प्रक्रिया और उससे जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। गोयल ने कहा कि भारत आसियान सदस्य देशों के साथ निष्पक्ष व्यापार और संतुलित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए त्वरित बातचीत की अपेक्षा करता है। इसके साथ ही, भारत और मलेशिया के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को भी आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे और यह जनवरी 2010 से लागू हुआ। अगस्त 2023 में भारत और आसियान ने तय किया था कि 2025 तक समझौते की पूरी समीक्षा की जाएगी। लेकिन अब तक वार्ता धीमी गति से चल रही है। भारतीय उद्योग जगत लंबे समय से इस समझौते की समीक्षा की मांग करता रहा है ताकि व्यापार में असंतुलन दूर हो और समझौता अधिक लाभकारी और टिकाऊ बन सके। आसियान में 10 देश शामिल हैं- ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम।

## देश की चार बड़ी ब्रोकिंग कंपनियों ने करीब 20 लाख निवेशक गंवाए

**जून महीने में चारों ब्रो किंपि कंप नियों ने लगभग 6 लाख क्लाइंट्स खोए**



**नई दिल्ली।**

इस वर्ष की शुरुआत में शेयर बाजार से अच्छा रिटर्न मिलने के बावजूद देश की चार बड़ी ब्रोकिंग कंपनियों ग्रो, जेरोधा, एंजल वन और अपस्टाक्स ने कुल मिलाकर करीब 20 लाख एक्टिव इनवेस्टर्स गंवा दिए हैं। अकेले जून महीने में इन चारों ने लगभग 6 लाख क्लाइंट्स खोए हैं। इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह है एफएंडओ (फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस) से रिटेल निवेशकों की घटती दिलचस्पी। सेबी द्वारा 2024 में लागू किए गए सख्त नियम - जैसे अधिक मार्जिन ज़रूरत, टैक्स का बोझ, साप्ताहिक एक्सपायरी कम होना और ट्रेडिंग की पूंजी सीमा बढ़ना, के कारण एफएंडओ ट्रेडिंग अब कम आकर्षक हो गई है।` विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशकों को लगातार मुनाफा नहीं हो पा रहा और वोलटाइल मार्केट में रिसर्च और गाइडेंस की कमी से नुकसान झेलने के बाद वे ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म्स छोड़ रहे हैं। कई नए निवेशक अब म्यूचुअल फंड्स, पीएमएस और एआईएफएस जैसे सुरक्षित और प्रोफेशनल इनवेस्टमेंट विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। ग्रो ने हाल ही में आईपीओ के लिए सेबी के पास आवेदन किया है, लेकिन निवेशकों के नुकसान का असर इसकी छवि पर पड़ सकता है। हालांकि, कुल यूजर बेस की तुलना में यह पांच फीसदी की गिरावट बड़ी नहीं मानी जा रही है। एनएसई के अनुसार 2024 में एक्टिव इनवेस्टर्स की संख्या 5.01 करोड़ तक पहुंची थी, लेकिन 2025 में टैक्स और नियमों की सख्ती से ग्रोथ की रफ्तार थम गई है। डीमैट अकाउंट खुलवाने की रफ्तार भी अब धीमी हो गई है।





# 'धुरंधर' में 20 साल बड़े रणवीर सिंह के साथ करेंगी रोमांस

रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म 'धुरंधर' का आज फर्स्ट लुक सामने आ गया है। इस फर्स्ट लुक में रणवीर सिंह का जबरदस्त एक्शन अवतार देखने को मिला है। फर्स्ट लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है और लोग इस पर अलग-अलग रिएक्शन दे रहे हैं। इसके सामने आते ही रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन और अक्षय खन्ना के लुक की भी काफी तारीफ हो रही है।



## 20 साल छोटी एक्ट्रेस के साथ रोमांस करेंगे रणवीर

हैरान करने वाली बात ये है कि सारा अर्जुन अभी सिर्फ 20 साल की हैं। जबकि रणवीर सिंह आज ही 40 साल के पूरे हुए हैं। ऐसे में रणवीर 'धुरंधर' में खुद से 20 साल छोटी सारा के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। ये पहली बार है जब रणवीर सिंह इतने अधिक उम्र के फासले वाली हीरोइन के साथ रोमांस करते दिखेंगे।


## बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की शुरुआत, कई विज्ञापनों में आईं नजर

सारा अर्जुन की बात करें तो वो एक स्टारकिड हैं। सारा साउथ के मशहूर एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं। सारा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। सारा ने अपना करियर विज्ञापनों से शुरू किया था। उन्होंने उस उम्र में विज्ञापन करने शुरू कर दिए थे, जब वो सही से बोल तक नहीं पाती थीं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सारा पांच साल की उम्र तक 100 से ज्यादा टीवी विज्ञापनों में नजर आ चुकी थीं।

## कई साउथ और हिंदी फिल्मों में आईं नजर

विज्ञापनों के अलावा सारा अर्जुन ने फिल्मों में भी बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपनी शुरुआत की थी। सारा 2011 में आई अपनी पहली फिल्म देइवा थिरुमगल से ही घर-घर में मशहूर हो गईं थीं। यह तमिल ड्रामा है, जिसमें उन्होंने विक्रम के साथ काम किया था। सिर्फ छह साल की उम्र में, नीला की भूमिका निभाने वाले उनके किरदार ने दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों को प्रभावित किया था। इसके अलावा सारा अर्जुन 'एक थी डायन' में भी नजर आई थीं। वो मणिरत्नम की फिल्म 'पीएस 1' और 'पीएस 2' में भी नजर आ चुकी हैं। इस फिल्म में उन्होंने ऐश्वर्या राय के किरदार 'नंदिनी' के यंग एज के किरदार को निभाया था।





# क्या आरजे महवश से चहल ने अपना रिश्ता कबूल किया?

हाल ही में क्रिकेटर गौतम गंभीर, ऋषभ पंत, अभिषेक शर्मा और युजवेंद्र चहल 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शामिल हुए। इस शो में खूब हंसी-मजाक कपिल शर्मा ने इन क्रिकेटर्स के साथ किया। इसी बीच युजवेंद्र ने आरजे महवश से अपने रिश्ते के बारे में भी हिंट दिया। कपिल के शो में चहल के बारे में जज सिद्धू ने एक टिप्पणी की, वह बोले- 'यह टीम बदल दे, ऐसा हो नहीं सकता है, मगर यह गर्लफ्रेंड जरूर बदल देता है।' इस पर ऋषभ पंत बोले, 'चहल भाई, इन दिनों फ्री हैं।' फिर ऋषभ को टोकते हुए चहल ने कहा, 'इंडिया जान चुका है। 4 महीने पहले।' यह बोलकर वह चुप हो गए। बस इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई कि युजवेंद्र चहल ने आरजे महवश से अपना रिश्ता कबूल कर लिया है।

## डेट पर साथ देखे गए थे चहल और महवश

पिछले दिनों आईपीएल मैच के दौरान आरजे महवश, युजवेंद्र की टीम को सपोर्ट करती दिखीं। दोनों को साथ में डिनर डेट पर भी देखा गया। महवश की पोस्ट पर पिछले दिनों चहल ने रिएक्शन भी दिया था। मगर अब तक दोनों ने खुलकर अपना रिश्ता स्वीकार नहीं किया था। महवश तो चहल को अच्छा दोस्त बताती हैं।

## चहल का कुछ महीनों पहले हुआ तलाक

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का कुछ महीनों पहले ही कोरियोग्राफर धनश्री से तलाक हुआ। दोनों की शादी साल 2020 में हुई। तलाक के बाद से ही आरजे महवश के चहल नजर आ रहे हैं। आरजे महवश की बात करें तो वह एक्टिंग में भी कदम रख चुकी हैं। हाल ही में एक सीरीज प्यार पैसा और प्रॉफिट में नजर आ चुकी हैं।

# हार्टब्रेक सॉन्ग के बाद अब रोमांटिक गानों से दीवाना बनाएंगे जुबिन

जुबिन नौटियाल एक ऐसे गायक हैं, जिनके गानों ने लोगों के दिलों में खास जगह बनाने का काम किया। सिंगर को हार्टब्रेक सॉन्ग ने काफी पहचान दिलाई, जिनमें तुम्हीं आना, हमनवा मेरे जैसे गानें शामिल हैं। अब गायक ने खुलासा किया वह अपने संगीत के जॉनर में बदलाव कर रहे हैं।

## पहले संगीत के जॉनर चुनना मुश्किल था

गायक जुबिन नौटियाल ने पीटीआई से बातचीत में अपनी गायकी को लेकर बात की। उन्होंने बताया, 'पहले के समय में गानों का जॉनर चुनना बहुत मुश्किल था। 10 साल तक लगातार गाने के बाद मैंने पाया है कि जब भी मैं कोई गाना रिकॉर्ड करता हूं, तो मैं सिर्फ यही सोचता हूं कि मैं इसे कर पाऊंगा या नहीं। मैंने हमेशा कोशिश की, चाहे वह कामयाब हो या असफल।'

## रोमांटिक गानों में बढ़ रही रूचि

हार्टब्रेक गानों से श्रोताओं के दिलों में छा जाने वाले गायक जुबिन नौटियाल अब रोमांटिक सॉन्ग की तरफ भी रूचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसी विधाओं में गाने में सक्षम हूँ जिसके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं गा सकता हूँ। मुझे एहसास हो रहा है कि लोगों को मेरा रोमांटिक पक्ष पसंद आने लगा है, और मुझे बहुत अधिक रोमांटिक सॉन्ग को गाने का मौका मिल रहा है।' आगे सिंगर ने बोला, 'एक समय था जब मैं दुख भरी आवाज से जुड़ रहा था। अब इश्क मेरा और बरबाद गाना, जो एक सैड रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे गाना मेरे लिए एक बड़ी बात है।'

## बरबाद गाने से हो रही चर्चा

जुबिन नौटियाल इस समय आगामी फिल्म 'सैयारा' के 'बरबाद' गाने से चर्चा में हैं। गायक के इस गाने को श्रोताओं और उनके फैंस द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है।



# कास्टिंग काउच को लेकर हेली शाह का खुलासा

अभिनेत्री हेली शाह ने मनोरंजन उद्योग के एक परेशान करने वाले अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक वेब शो की पेशकश की गई थी, लेकिन इसके लिए समझौता करने की शर्त रखी गई थी।


## हेली के सामने रखी गई शर्त


इंडिया फोरम के एक इंटरव्यू के दौरान हेली ने कहा कि उन्हें एक बड़ा प्रोजेक्ट ऑफर हुआ, जिसे सुनकर वह उत्साहित थीं। लेकिन जब उन्होंने पूछा कि क्या वह वाकई उनके लिए है, तो जवाब में कहा गया कि एक शर्त है, जिसके लिए उन्हें कहीं जाना होगा। हेली ने इसे ठुकरा दिया और कहा, कृपया किसी और को चुनें, मैं यह नहीं कर सकती।

## नंबर को किया ब्लॉक

उस शख्स का जवाब और भी चौंकाने वाला था। उसने कहा कि यह काम ऑनलाइन भी हो सकता है। हेली ने इसे अजीब और गलत बताया, और उस नंबर को ब्लॉक कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग बेशर्मी से व्यवहार करते हैं, जो बहुत दुखद है। आखिरकार, हेली ने उस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया। हेली अब गुजराती फिल्म डेडा में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन हेमा शुक्ला ने किया है। इस फिल्म में वह एक गर्भवती महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसकी गर्भावस्था में जटिलताएं हैं। फिल्म में गौरव पासवाला, सोनाली लेले देसाई और मेहुल बुच भी हैं।

# सिंगर अमाल मलिक ने बॉलीवुड पर साधा निशाना





सिंगर और म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में कार्तिक आर्यन के साथ भी वही व्यवहार हो रहा है, जैसा पहले दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के साथ किया गया था। इंटरव्यू में अमाल मलिक ने कहा, 'अब लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की सच्चाई समझ आ चुकी है। यह इंडस्ट्री अंदर से इतनी काली है कि कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। सुशांत सिंह राजपूत इस सबको सहन नहीं कर पाए। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी मौत मर्डर थी, कुछ कहते हैं सुसाइड। लेकिन जो भी हुआ, इंसान तो चला गया।' उन्होंने आगे कहा, 'इस इंडस्ट्री ने ही उनके मनोबल पर असर डाला। शायद उनके आत्मा और मानसिक स्थिति को नुकसान पहुंचाया। जब आम जनता को ये सब पता चला, तो उनका भरोसा बॉलीवुड से उठ गया। लोग कहने लगे कि यह इंडस्ट्री बहुत गंदी है।' अमाल मलिक ने आगे कहा कि सुशांत की मौत के बाद इंडस्ट्री की असली सच्चाई सामने आई और इसकी छवि खराब हो गई। इन लोगों ने जो किया, उसका नतीजा अब इन्हें भुगतना पड़ रहा है। ये लोग अब अपने डाउनफॉल के दौर से गुजर रहे हैं और ये इसके हकदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब वही सब कार्तिक आर्यन के साथ भी हो रहा है। उसे भी अलग करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन फिर भी वह मेहनत कर रहा है, मुस्कुरा रहा है, डांस करता है और आगे बढ़ रहा है। कार्तिक भी एक आउटसाइडर है, जिसने अपनी मेहनत से नाम कमाया है। लेकिन अब भी 100 लोग उसे हटाने की कोशिश में लगे रहते हैं। इंडस्ट्री में पावर प्ले होता है, गेम्स खेले जाते हैं और बड़े-बड़े प्रोड्यूसर और एक्टर्स इसमें शामिल रहते हैं।'



# अपूर्वा मखीजा से झगड़कर अब पछता रहीं उर्फी जावेद

**उर्फी जावेद और निकिता लूथर रियलिटी वेब सीरीज द ट्रेटर्स की विनर बन चुकी हैं। दोनों को सम्मिलित रूप से 70 लाख रुपये की इनामी राशि भी मिली है। शो जीतने के फौन बाद उर्फी ने खुलासा किया कि उन्हें ऑनलाइन धमकियां दी जा रही है। उन्होंने इस बाबत स्क्रीनशॉट्स भी शेयर किए, जिसमें कई सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें गंदी गालियां दीं, यहां तक की रेप और जान से मारने तक की धमकी दी। अब उर्फी ने ट्रोलिंग, आलोचना और शो में अपने व्यवहार पर चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, उर्फी जावेद की आलोचना करते हुए कई यूजर्स ने कहा कि उन्होंने अपूर्वा मखीजा की पीठ में छुरा घोंपा। अब इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में उर्फी ने माना कि वह इस स्थिति को और बेहतर तरीके से संभाल सकती थीं। उनसे चूक हुई है।**

उर्फी ने शो में अपनी लड़ाई के बारे में बात करते हुए कहा, आमतौर पर रियलिटी शोज में झगड़े होते रहते हैं। मैं उन पर ध्यान नहीं दे सकती। मैं किसी से नफरत नहीं करती, किसी के प्रति कोई बुरी भावना नहीं रखती। ये सभी अभी बच्चे हैं और उन्होंने जो भी कहा है, दो साल बाद वह खुद इस पर हंसेंगे। मैंने भी ऐसा किया है। मैं भी बहुत इम्पलसिव नेचर की हूं।

## अपूर्वा के साथ मेरा झगड़ा सम्मान को लेकर हुआ था

एक्ट्रेस और अपने अलहदा फैशन के लिए मशहूर उर्फी जावेद ने आगे बताया कि शो में जब अपूर्वा मखीजा ने उनसे बुरी तरह बात की, तो वह भड़क गई थीं। उन्होंने कहा, अपूर्वा के साथ मेरा झगड़ा सम्मान को लेकर हुआ था। यह मेरे अंदर एक असुरक्षा की भावना के कारण हुआ। इतने साल से, मेरे साथ इतना दुर्व्यवहार और अपमान किया गया है कि अब यह मुझे असुरक्षित महसूस करवा रहा है। इस वजह से, मैं कई बार हदें पार कर जाती हूं और ऐसी बातें कह देती हूं जिन्हें मैं वापस नहीं ले सकती।

## मैं दोषी हूं, स्थिति को संभाल सकती थी

उर्फी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा, मैं पूरी तरह से दोषी हूं। अपूर्वा के साथ झगड़े के दौरान मैं स्थिति को बेहतर तरीके से संभाल सकती थी। मुझे इस तरह से बात नहीं करनी चाहिए थी। मैंने जरूरत से ज्यादा कह दिया। मुझे लगा कि उसने मुझसे इस तरह बात करने की हिम्मत कैसे की?

## मैं और अपूर्वा दोस्त नहीं रह सकते

द ट्रेटर्स की विनर उर्फी जावेद से पूछा गया कि क्या उन्होंने शो में या उसके बाद अपूर्वा से रिश्ते सुधारने की कोशिश की तो उन्होंने कहा, हम दो बहुत अलग लोग हैं, हमारी पर्सलैनिटी मेल नहीं खाते। इसलिए हम दोस्त नहीं रह सकते। मेरे मन में किसी के खिलाफ कुछ भी नहीं है, और मुझे उससे कोई नफरत नहीं है। मैंने सोशल मीडिया पर कुछ नहीं कहा, लेकिन उसने बहुत सी बातें कहीं। जब उसने कहा कि मैं एक घटिया इंसान हूं, तब मैं हर्ष को देख रही थी। मुझे बहुत दुख हुआ।

## मुझे आश्चर्य हुआ कि कोई इतना गंदा कैसे...

उर्फी ने अपनी बात रखते हुए अंत में कहा, मुझे उस दौरान आश्चर्य हुआ कि कोई इतना गंदा कैसे हो सकता है। उसके पास युवाओं का एक बड़ा दर्शक वर्ग है, और सभी ने मुझे गाली देना शुरू कर दिया। मुझे उसकी वजह से बहुत सारे भद्दे मैसेज मिले हैं। मैं बहुत अजीब स्थिति में थी। लेकिन बाद में मुझे एहसास हुआ कि यह इसके लायक नहीं था, इसने उस समय मुझे बहुत प्रभावित किया। हालांकि, मुझे अपने इम्प्लसिव बिहेवियर पर काम करने की जरूरत है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in